असतो मा सद्गम्य।
तमसो मा ज्योतिर्गमय।

- बृहदारण्यक उपनिषद्

ICSSR

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्

अरुणा आसफ अली मार्ग, ज. ने. वि. संस्थान क्षेत्र, नई दिल्ली - 110067
दूरभाष : 26741849/50/51 | ई-मेल : info@icssr.org वेबसाइट : www.icssr.org

ICSSR

भा. सा. वि. अ. प. वार्षिक रिपोर्ट 2021-22

ICSSR

वार्षिक रिपोर्ट
2021 -22

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्

शिक्षा मंत्रालय
भारत सरकार

वार्षिक रिपोर्ट

2021–22

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्
अरुणा आसफ अली मार्ग,
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय संस्थागत क्षेत्र,
नई दिल्ली–110067

विषय सूची

"प्रस्तुत प्रतिवेदन मूल रूप से अंग्रेजी में लिखित वार्षिक रिपोर्ट जिसमें पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन भी शामिल है का हिंदी अनुवाद है। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित प्रतिवेदन मान्य होगा।"

कार्यक्रम

1
सिंहावलोकन

सर्वमान्य है कि सामाजिक–विज्ञान अनुसंधान के द्वारा समाज तथा उससे जुड़ी क्रियाओं के बारे में हमारी समझ में अभिवृद्धि होने के साथ ही साथ सामाजिक–आर्थिक विकास हेतु नीति निर्माण में सहयोग प्राप्त होता है। यह ऐसे विचार एवं जागरूकता उत्पन्न करता है जिनका उपयोग राजनैतिक समझ, शिक्षण एवं अनुसंधान में किया जा सकता है। इस प्रकार, सामाजिक–विज्ञान अनुसंधान समाज एवं देश को महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करता है।

हमारे देश में सामाजिक विज्ञान शिक्षण एवं अनुसंधान की बेहद विस्तृत व समृद्ध परंपरा रही है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, वल्लभी, पुष्पगिरी एवं सोमपुरा आदि विश्वविद्यालय शिक्षा–दीक्षा के वैश्विक केंद्रों के रूप में विकसित हुए। इन प्राचीन विश्वविद्यालयों में वेद, वेदांत, आयुर्वेद, चिकित्सा और शल्य, न्यायशास्त्र, गणित, खगोल विज्ञान, भौतिकी, धातु विज्ञान, सिविल इंजीनियरिंग, वास्तुकला, दर्शन, व्याकरण, कृषि, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, राजनीति, शासन कला, सैन्य शिक्षा, साहित्य आदि विषयों की विधिवत शिक्षा दी जाती थी। विशेष बात यह है कि ये सभी भारतीय विश्वविद्यालय संपूर्ण विश्व के विद्वानों के लिए शिक्षण, अधिगम एवं अनुसंधान के क्षेत्र में श्रेष्ठ मानक निर्धारित करते हैं। उल्लेखनीय है कि इस भारतीय शिक्षा प्रणाली द्वारा शिक्षित–प्रशिक्षित होकर आर्यभट्ट, भास्कराचार्य, जीवक कोमारभच्च, महावीराचार्य, चरक, सुश्रुत, बौधायन, चाणक्य, ब्रह्मगुप्त, पाणिनी, पतंजलि, नागार्जुन, पिंगला, गार्गी, कणाद, वराहमिहिर, थिरुवल्लुवर तथा ऐसे बहुत से महान विद्वान उत्पन्न हुए हैं।

हालांकि, 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में आधुनिक विश्वविद्यालय प्रणाली आरम्भ होने के साथ जब सीनेट ऑफ सीरामपोर (1829), मुंबई विश्वविद्यालय (1857), मद्रास विश्वविद्यालय (1857), कलकत्ता विश्वविद्यालय (1857) और इलाहाबाद विश्वविद्यालय (1875) आदि अस्तित्व में आए तभी देश में सामाजिक विज्ञान शिक्षण एवं अनुसंधान की औपचारिक शुरुआत हुई। इस क्षेत्र में पूर्ण सफलता तब प्राप्त हुई जब स्वतंत्रता के पश्चात नियोजित सामाजिक–आर्थिक विकास के अंतर्गत उच्च शिक्षा प्रणाली का तेजी से विस्तार हुआ।

देश की विकास प्रक्रिया के कारण विविध प्रकार की ऐसी समस्याओं का जन्म हुआ, जिनके मूल्यांकन हेतु व्यापक शोध तथा विश्लेषण की आवश्यकता महसूस हुई, ऐसी स्थिति में भारत सरकार ने वर्ष 1965 में प्रोफेसर वी.के.आर.वी. राव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जो देश में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिदृश्य की समीक्षा करने तथा इसकी प्रगति में तेजी लाने हेतु सकारात्मक संस्तुतियां लागू कर सके। देश में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को प्रोत्साहित करने, समृद्ध करने एवं निधि प्रदान करने के लिए आगे चलकर वर्ष 1969 में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आई.सी.एस.एस.आर.) की स्थापना हुई।

समाजशास्त्रीय अध्ययन–विश्लेषण के दौरान हमने उन मुद्दों की पहचान की जो भारत में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के भविष्य के विकास एवं उन्नति के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। अपने पश्चिमी समकक्षों पर अधिक निर्भरता के कारण सामाजिक विज्ञान के विकृत परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखकर सकारात्मक कार्य करने की तत्काल आवश्यकता है। इस संदर्भ में, स्थानीय सामग्री का उपयोग करते हुए राष्ट्रीय भाषा में शिक्षण, अंतरंगी सदस्यों द्वारा शोध, अनुसंधान प्राथमिकताओं पर विचार करना तथा सैद्धांतिक एवं पद्धतिगत ढांचे के पुनर्विन्यास आदि पर बेहद बल दिया जाना चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय तुलना में संलग्न रहते हुए भारत के 'असाधारणवाद' के दस्तावेजीकरण की प्रधानता से भारत के बहुलीकृत समाजशास्त्रों में संलग्न होना समय की मांग है ताकि अधिक व्यापक रूप से लागू वैचारिक अंतःदृष्टि उत्पन्न करने हेतु विभिन्न प्रकार के मुद्दों तक अपना क्षेत्र–विस्तार करने व नए सिद्धांतों–परिप्रेक्ष्यों एवं

देश के विभिन्न समाज के लोगों की समस्याओं एवं सुझावों का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम हो सके। वर्तमान में समाज वैज्ञानिकों द्वारा पश्चिम की पद्धति से बाहर आने का प्रयास किया गया है। भारतीय समस्याओं– विचारों को भारतीय समाज एवं संस्कृति की वास्तविकता के चश्मे से देखा जाता है।

भा.सा.वि.अ.प. शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन संचालित एक स्वायत्त निकाय के रूप में कार्य कर रहा है तथा देश के विभिन्न भागों में इसके 24 अनुसंधान संस्थान (अनुदानित) स्थित हैं, इस प्रमुख संगठन में पांच मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान एवं 6 क्षेत्रीय केंद्र हैं।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन (MoA) में निर्धारित लक्ष्य एवं उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

- सामाजिक विज्ञान अनुसंधान सम्बन्धी प्रगति की समीक्षा तथा मूल्यांकन करना एवं नीतिगत मुद्दों पर सरकार को आवश्यक सलाह देना;
- विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों / शोध / अनुसंधान संस्थानों में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को आवश्यक निधि उपलब्ध कराना एवं उसको प्रोत्साहित करना;
- शोधकर्ताओं तथा शिक्षकों को डॉक्टोरल, पोस्ट–डॉक्टोरल, सीनियर एवं नेशनल फैलोशिप प्रदान करना;
- शोधकर्ताओं तथा शिक्षकों को माइनर, मेजर एवं सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाएं प्रदान करना;
- सामाजिक विज्ञान अनुसंधान निष्कर्षों के प्रचार–प्रसार हेतु राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों–सम्मेलनों के आयोजन हेतु निधि प्रदान करना;
- युवा शोधकर्ताओं तथा शिक्षकों हेतु प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करना;
- अध्येताओं तथा शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय यात्रा एवं डेटा संग्रह अनुदान प्रदान करना;
- सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में पूर्ण मान्यता प्राप्त विदेशी अनुसंधान वित्त पोषण एजेंसियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करना;
- सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में पत्रिकाओं तथा पुस्तकों के प्रकाशन हेतु निधि प्रदान करना एवं पेशेवर सामाजिक विज्ञान संस्थाओं / संगठनों को सशक्त बनाना;
- सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के लिए पुस्तकालय, प्रलेखन, डेटा और ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करना; तथा
- अनुसंधान के उपेक्षित एवं नए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आवधिक विषयों के सम्बन्ध में सूचित करना।

स्थापित होने के पिछले लगभग 53 वर्षों से, भा.सा. वि.अ.प. देश में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान का सक्रिय प्रोत्साहन तथा वित्त पोषण कर रहा है।

अपने अनुसंधान संस्थानों (अनुदान के आधार पर) को अंतर्विषयक दृष्टिकोण के माध्यम से राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय अनुसंधान मुद्दों के अध्ययन हेतु नियमित रख रखाव तथा विकास अनुदान प्रदान करता है।

अपने उन सभी 6 क्षेत्रीय केंद्रों का भी यह पूर्णतयः समर्थन करता है जो भा.सा.वि.अ.प. के कार्यक्रमों तथा योजनाओं के प्रसार के उद्देश्य से अपने संबंधित क्षेत्रों में परिषद् का प्रतिनिधित्व करते हैं। भा.सा.वि.अ.प. ने, अंतर्राष्ट्रीय सहयोगात्मक कार्यक्रम के अंतर्गत, संयुक्त राज्य, जापान, दक्षिण अफ्रीका, जर्मनी, दक्षिण कोरिया, स्विट्जरलैंड, श्रीलंका, वियतनाम, फिलीपींस, नीदरलैंड, स्वीडन, ताइवान, बोस्निया और हर्ज़ेगोविना, सहित 14 देशों के साथ द्विपक्षीय सहयोगात्मक समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, और फ्रांस, चीन और थाईलैंड आदि तीन देशों के साथ सांस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रम, अध्येताओं के आदान–प्रदान, संयुक्त संगोष्ठियों, अनुसंधान परियोजनाओं, प्रकाशनों, पुस्तकों तथा पत्रिकाओं के आदान–प्रदान जैसी गतिविधियों में संलग्न होने जैसी पहल शामिल है। अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान संगठनों जैसे अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद् (आई.एस.सी), एशिया विज्ञान परिषद् (एस.सी.ए) तथा यूनेस्को आदि की गतिविधियों में भी भा.सा.वि.अ.प. सक्रिय भाग लेता है। परिषद् यूनेस्को की एम.ओ.एस.टी. (सामाजिक परिवर्तन का प्रबंधन) कार्यक्रम एवं उसका कार्यान्वयन नामक गतिविधियों में भाग लेने के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करती है।

अपनी स्थापना के समय से, भा.सा.वि.अ.प. 7488 मेजर, माइनर तथा सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाओं (इम्प्रेस योजना सहित) को अनुदान प्रदान कर चुका है, 9200 डॉक्टोरल फैलोशिप (7033 पूर्ण कालिक एवं 2167 अंशकालिक), 2817 पोस्ट–डॉक्टोरल फैलोशिप, 825

सीनियर फैलोशिप एवं 174 राष्ट्रीय फैलोशिप प्रदान कर चुका है। 4358 राष्ट्रीय और 1162 अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों/सम्मेलनों को इसने प्रायोजित किया है, विदेशों में संगोष्ठियों में भाग लेने के लिए 2150 विद्वानों और विदेशों में डेटा संग्रह के लिए 461 विद्वानों को वित्त पोषित किया है। भा.सा.वि.अ.प. ने युवा शिक्षकों एवं शोधकर्ताओं हेतु 1099 प्रशिक्षण व क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को प्रायोजित किया है, 1883 अध्येताओं को उनकी डॉक्टरेट थीसिस/परियोजनाओं/ फैलोशिप रिपोर्ट/सम्मेलन–कार्यवाही के प्रकाशन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान किया है, साथ ही साथ 1075 सामाजिक विज्ञान पत्रिकाओं तथा सामाजिक विज्ञान अनुसंधान गतिविधियां में शामिल 396 पेशेवर संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की है। भा.सा.वि.अ.प. ने देश के कुछ सामाजिक विज्ञान विषयों, जैसे अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र एवं सामाजिक मानविकी, भूगोल एवं मनोविज्ञान में अनुसंधान की वर्तमान स्थिति के 6 दौर के सर्वेक्षण भी आयोजित किए हैं। सेज, पियर्सन एवं ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (ओ.यू.पी) आदि जैसे प्रतिष्ठित प्रकाशकों के सहयोग से भी भा.सा.वि.अ.प. द्वारा इन सर्वेक्षणों को प्रकाशित किया गया है। आई.सी.एस.एस .आर द्वारा प्रतिष्ठित सामाजिक विज्ञान अनुसंधान पत्रिका – 'द इंडियन सोशल साइंस रिव्यू' प्रकाशित किया जाता था जिसे वर्ष 2011 में बंद कर दिया गया था। अब, हम इस शोध जर्नल को पुनः आरम्भ करने वाले हैं; तथा इसके लिए शोध पत्र एवं लेख आमंत्रित किए गए हैं तथा प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञों द्वारा इसका मूल्यांकन एवं समीक्षा की जा रही है। इसके अतिरिक्त, भा.सा.वि.अ.प. अपने नेशनल सोशल साइंस डॉक्यूमेंटेशन सेंटर (राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र) (NASSDOC) के माध्यम से देश भर में हज़ारों सामाजिक विज्ञान अध्येताओं एवं शिक्षकों को पुस्तकालय, डॉक्यूमेंटेशन, डेटा तथा ई–रिसोर्सेज़ जैसी शोध सेवाएँ प्रदान करता है।

भा.सा.वि.अ.प. नीतिगत प्रासंगिक मुद्दों पर भारत सरकार को आवश्यकतानुसार, शोध–आधारित अपने सुझाव दे रहा है तथा संयुक्त राज्य के साथ न्यूटन–विवेकानंद कार्यक्रम में सकारात्मक योगदान देता है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, अल्पसंख्यक मंत्रालय, गृह मंत्रालय तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय सहित भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के लिए भी भा.सा.वि.अ.प. ने विशिष्ट अध्ययन आयोजित किए हैं। इसके साथ–साथ भा.सा.वि.अ.प. अध्ययनों और संदर्भों ने, मंत्रालयों तथा योजना आयोग (पूर्ववर्ती) से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के नीति सम्बन्धी दस्तावेजों एवं रिपोर्टों के निर्माण में महती भूमिका निभाई है। इसके अतिरिक्त, सदस्य सचिव एवं परिषद् के सदस्यों ने नीति निर्माण या कार्यान्वयन में शामिल अन्य सरकारी संगठनों जैसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारतीय सांख्यिकी संस्थान, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सी.एस.आई.आर), भारतीय वैश्विक परिषद्, भारतीय उन्नत अध्ययन संस्थान, नीति आयोग, आई.सी.पी.आर, आई.सी.एच.आर आदि। विचार–विमर्श कार्यक्रमों में नियमित रूप से सहभागिता दर्ज की है तथा उसमें यथासंभव योगदान दिया है। आई.सी.एस.एस.आर. के बहुत से अधिकारियों ने भी परिषद् की विभिन्न योजनाओं पर आधारित अपनी प्रस्तुतियां पेश की हैं।

जबकि भा.सा.वि.अ.प. ने आज अपनी स्थापना के 53 वर्ष पूरे कर लिए हैं, यह भारत में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को दिशा देने तथा वैश्विक स्तर पर सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में सक्रिय सहभागिता के साथ–साथ अवसरों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, देश में 1047 विश्वविद्यालय (54 केंद्रीय विश्वविद्यालय, 455 राज्य विश्वविद्यालय, 412 निजी विश्वविद्यालय और 126 डीम्ड विश्वविद्यालय हैं)। इसी प्रकार, इंटरनेशनल स्टैण्डर्ड सीरियल नंबर (आई.एस.एस.एन.) एवं उलरिच इंटरनेशनल पीरियोडिकल डायरेक्ट्री डेटा बुक्स, से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2000 से 2015 के दौरान भारत में 2131 सामाजिक विज्ञान पत्रिकाएँ प्रकाशित हुईं।

भा.सा.वि.अ.प. समीक्षा रिपोर्ट (2007) में उल्लेख किया गया है कि देश में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के पैमाने और सीमा का विस्तार हुआ है, लेकिन अधिकांश संस्थानों के शोध उत्पादन की गुणवत्ता के साथ–साथ सामाजिक–आर्थिक प्रक्रियाओं की बेहतर समझ एवं सार्वजनिक नीति को आकार देने में उनका योगदान अपेक्षाओं से कम हो गया है। शोध/अनुसन्धान की गुणवत्ता में भी सुधार करने की आवश्यकता को देखते हुए इस पर बहुमूल्य संसाधन खर्च किए जा रहे हैं। देश में सामाजिक विज्ञान सहित अनुसंधान के सभी क्षेत्रों में शोध गुणवत्ता एक बड़ी चुनौती है।

इसके अतिरिक्त, वर्ष 2015 में 'नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एन.आई.आर.एफ)' की शुरुआत के साथ, अनुसंधान पर अधिक ध्यान केंद्रित किया गया है क्योंकि

तालिका 1.1

वार्षिक गतिविधियों पर एक नजर (2021–22)

क्रम संख्या	कार्यक्रम/योजना/सेवा का नाम	लाभार्थियों की संख्या
1.	अनुसंधान/शोध परियोजनाएं (प्रदत्त) (वृहद्, लघु और अनुसंधान कार्यक्रम)	406
2.	अनुसंधान परियोजनाओं की अंतिम रिपोर्ट प्राप्त (पिछले वर्ष)	216
3.	इंप्रेस योजना के अंतर्गत अनुसंधान परियोजनाओं की अंतिम रिपोर्ट प्राप्त	429
4.	राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियाँ (प्रदत्त)	–
5.	सीनियर अध्येतावृत्तियाँ (प्रदत्त)	30
6.	पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ (प्रदत्त)	243
7.	डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ (प्रदत्त)	513
8.	अनुसंधान अध्येतावृत्तियों की अंतिम रिपोर्ट प्राप्त (पिछले वर्ष)	575
9.	शोध परियोजनाओं, इम्प्रेस परियोजनाओं और फैलोशिप रिपोर्ट से प्रकाशित शोध पत्र	1632
10.	अनुसंधान रिपोर्ट/डॉक्टरेट शोध प्रबंध आदि के लिए प्रकाशन अनुदान	15
11.	सामाजिक विज्ञान अनुसंधान पत्रिकाओं के प्रकाशन के लिए तदर्थ अनुदान	35
12.	सामाजिक वैज्ञानिकों के संगठनों/संघों को उनके रखरखाव एवं व्यावसायिक विकास के लिए तदर्थ अनुदान	15
13.	पुस्तकालय और प्रलेखन सेवाएं	2715
14.	अंतर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम क) यात्रा अनुदान और विदेश में डेटा संग्रहण ख) संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएँ ग) एस. सी. ए. सम्मेलन (भा.सा.वि.अ.प. द्वारा आयोजित)	 9 14 1
15.	अनुसंधान पद्धति और क्षमता निर्माण कार्यक्रम में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	55
16.	अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय संगोष्ठियों के आयोजन के लिए स्वीकृत प्रस्ताव (इंप्रेस योजना सहित)	226
17.	भा.सा.वि.अ.प. अनुसंधान संस्थानों से अनुसंधान आउटपुट (प्रकाशन) क) पुस्तकें/रिपोर्ट ख) वर्किंग पेपर्स / मोनोग्राफ ग) शोध पत्र	 156 225 515

संस्थानों या विश्वविद्यालयों के अनुसंधान अभिविन्यास एवं उससे संबंधित आउटपुट पर उनकी रैंकिंग महत्वपूर्ण रूप से निर्भर करती है। भारतीय संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में सुधार के लिए इस पूरे मुद्दे ने, अनुसंधान गुणवत्ता तथा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए नई रणनीतियों एवं सर्वोत्तम वैश्विक मानदंडों को अपनाने हेतु नीति निर्माताओं का ध्यान आकृष्ट किया है। इस प्रकार, सभी संस्थानों को भा.सा.वि.अ.प. जैसे अनुसंधानों को बढ़ावा देने और उनका समर्थन करने तथा संस्थानों और विश्वविद्यालयों को उनकी राष्ट्रीय एवं वैश्विक रैंकिंग में सुधार लाने में सहायक सिद्ध होने के लिए उन्नत एवं अत्याधुनिक शोध को बढ़ावा देने की इस महत्वपूर्ण चुनौती का सामना करना पड़ता है, तथा देश के भीतर एक शक्तिशाली अनुसंधान संस्कृति का निर्माण भी करना पड़ता है। वर्तमान में भा.सा.वि.अ.प. के अंतर्गत ऐसे बहुत से अवसर उपलब्ध हैं जो देश के साथ–साथ

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक विज्ञान अनुसंधान एवं नीति में अग्रणी भूमिका निभाते हुए इसको बेहद लाभकारी बनाते हैं।

21वीं सदी को व्यापक रूप से एशिया से संबंधित सदी कहा जाता है, तथा भारत, जापान एवं चीन को जिसके प्रमुख भूमिका निभाने वाले देशों के रूप में श्रेणीबद्ध किया जाता है। भारत और चीन पिछले तीन दशकों में पहले से ही तीव्र विकास दर से उभर कर सामने आ रहे हैं। शीत युद्ध की समाप्ति तथा वैश्वीकरण के बढ़ते प्रभाव के कारण भी भारत को क्षेत्रीय एवं वैश्विक स्तरों पर अपनी स्थिति तथा भूमिका को दोबारा परिभाषित करने की आवश्यकता है।

वर्ष 1990 के दशक के आर्थिक उदारीकरण के बाद से, भारत की वैश्विक उपस्थिति में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत वर्तमान में तीन दशकों से अधिक समय से सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, तथा यह संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी (नोमिनल जीडीपी के संदर्भ में) के बाद दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो क्रय शक्ति समता (पीपीपी) की दृष्टि से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आगामी कुछ वर्षों में, भारत के दुनिया की सबसे बड़ी तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक हो जाने का अनुमान है। ऐसे बहुत से मुद्दे हैं जो विश्व की सामान्य अनुसंधान चिंताओं का हिस्सा हैं, साथ ही साथ देश एवं नीति विशिष्ट अनुसंधान संबंधी चिंताएं एवं उनसे जुड़ी समस्याओं को तर्कसंगत रूप से समझने तथा उनको मूल्यांकित–विश्लेषित करते हुए उनके संभावित समाधान खोजने में बहुत से देश विशेष रुचि रखते हैं। बढ़ती जनसंख्या, राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास का स्वरूप, जल संसाधन, जलवायु परिवर्तन, वहनीयता, पलायन, शहरी अवसंरचना तथा समावेशिता आदि भारत की कुछ विशेष चिंताएं हैं।

ज्ञान निर्माण के क्षेत्र में वैश्विक सरपरस्तों में अपना स्थान सुनिश्चित करने की भारत की आकांक्षा उसकी अनुसंधान क्षमताओं एवं बुनियादी ढांचे पर टिकी हुई है। शोधों के द्वारा समाज की भलाई होनी चाहिए तथा नीति निर्माण एवं उसके वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन में सकारात्मक योगदान लक्षित होना चाहिए। साथ ही, वर्तमान में, हम आधुनिक शोध विषयों के संकरेपन से ऊपर उठते हुए अंतर्विषयकता एवं बहु–विषयकता की ओर बढ़ रहे हैं, जहां बहुत से विषयों में सर्वकल्याण के सामान्य उद्देश्य को प्राप्त करने हेतु बौद्धिक तथा आधारभूत संसाधनों का संयोजन होता है। इस संबंध में भा.सा.वि.अ.प. की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि हम इस तरह के अंतर्विषयक अथवा बहु–विषयक शोधों को बढ़ावा देते रहे हैं। यहां तक कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास के लिए भी नए आयामों की अधिक स्वीकार्यता हेतु सामाजिक विज्ञान परिप्रेक्ष्य की आवश्यकता होती है तथा समाज को उन विकासों को स्वीकार करने तथा उनके अनुकूल बनाने के लिए तैयार करना होता है। सौभाग्य से, सशक्त अनुसंधान तथा नवाचार आधार के इन सभी पहलुओं को 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020' के द्वारा अच्छी तरह से परख लिया गया है, जो इस बात को रेखांकित करता है कि "ज्ञान सृजन एवं अनुसंधान को एक बड़ी तथा जीवंत अर्थव्यवस्था को विकसित करने व बनाए रखने के लिए केंद्रीय रूप से महत्वपूर्ण इसलिए माना जाता है क्योंकि इससे समाज का उत्थान होता है, राष्ट्र को और अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने हेतु निरंतर प्रेरित करता है...." "दुनिया में तेजी से हो रहे परिवर्तनों के साथ अनुसंधान का एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र आज के समय में शायद पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है .....

"भारत वैश्विक राजनीतिक, आर्थिक व तकनीकी वातावरण में एक प्रमुख भागीदार है इसलिए शोध उत्पादन में वैश्विक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान में बड़ी एवं महत्त्वपूर्ण भागीदारी की उम्मीद रहती है। नए शोध बहुत से प्रतिमान बदलाव की ओर जाते हुए औपनिवेशिक अवधारणाओं एवं सिद्धांतों को चुनौती दे रहे हैं। भारत की चुनौतियों और समस्याओं को निर्विवाद रूप से पश्चिमी दृष्टि एवं परिस्थितियों के माध्यम से देखने के बजाय अपनी सामाजिक–राजनीतिक एवं आर्थिक परिस्थितियों के आधार पर विश्लेषण करने पर भी अधिक बल दिया जा रहा है। इस तरह के शोध विभिन्न स्थानीय या समुदाय और देश की विशिष्ट समस्याओं को हल करने और अभिनव समाधान और विकल्प सुझाने के लिए बेहतर स्थिति में हैं। सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में प्रकाशन के मामले में भारत का स्थान विश्व के शीर्ष 10 देशों में है। भा.सा.वि.अ.प. भारत के शीर्ष संस्थानों में शामिल है जो सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में विशेषज्ञता रखते हैं। अनुसंधान के प्रमुख क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, पर्यावरण प्रदूषण, कृषि भूमि और लाभ, जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र, वैश्वीकरण और ऊर्जा की खपत, वैश्वीकरण और जलवायु परिवर्तन जैसे विषय शामिल हैं। 2021 में, दुनिया में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में

भा.सा.वि.अ.प. के प्रकाशन की हिस्सेदारी 4.41% हो गई है और इसने सामाजिक विज्ञान अनुसंधान प्रकाशन के क्षेत्र में भा.सा.वि.अ.प. को विश्व स्तर पर 5वें स्थान पर पहुंचा दिया है। भा.सा.वि.अ.प. सरकार और अन्य शोध संगठनों के समर्थन से भारत में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को एक शक्तिशाली प्रगति देने की इच्छा र खता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर (स्कोपस स्टैटीस्टीक्स) सामाजिक विज्ञान प्रकाशनों की उच्च विकास दर आने वाले वर्षों में भी भारत की भूमिका का एक सशक्त संकेतक है। यह द टाइम हायर एजुकेशन 2022 रैंकिंग में भी परिलक्षित होता है जहां भारत के विश्वविद्यालयों को विश्व के शीर्ष 300 विश्वविद्यालयों में रखा गया है। अपनी नई भूमिका के प्रति काफी हद तक जागरूक भा. सा.वि.अ.प. ने इस संबंध में कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। अब, यह अपने कार्यक्रमों और योजनाओं के मात्रात्मक विस्तार और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान आउटपुट दोनों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। वर्ष 2021–22 के दौरान, भा.सा.वि.अ.प. ने देश में गुणवत्तापूर्ण सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए सैंकड़ों विद्वानों, संकायों और अनुसंधान संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की है जैसा कि तालिका सं ख्या 1.1 में दिया गया है।

भा.सा.वि.अ.प. संगठनात्मक संरचनाः भा.सा.वि.अ.प. के सर्वोच्च निर्णय लेने वाले निकाय, जिसे परिषद् के रूप में जाना जाता है, में 26 सदस्य हैं, जिसमें भा.सा.वि.अ.प. के अध्यक्ष और सदस्य–सचिव, 18 सामाजिक वैज्ञानिक, एक सह–चयनित सदस्य और सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले 6 पदेन सदस्य शामिल हैं। शासी परिषद् के सदस्यों की सूची परिशिष्ट–1 में दी गई है।

सदस्य सचिव मुख्य कार्यकारी अधिकारी होते हैं और भा.सा.वि.अ.प. सचिवालय के प्रमुख होते हैं जिसमें निदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक और अन्य अधिकारी शामिल होते हैं। भा.सा.वि.अ.प. के अधिकारी, अपने सामान्य आधिकारिक कर्तव्यों के अलावा, शोध पत्रों, संपादित पुस्तकों, पत्रिकाओं आदि में लेखों के माध्यम से योगदान देते रहते हैं; और रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान व्याख्यान भी दिए हैं।

परिषद् की तीन स्थायी समितियाँ हैं जैसे अनुसंधान समिति, अनुसंधान संस्थान समिति, और योजना और प्रशासन समिति। वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, भा.सा.वि.अ.प. ने विभिन्न प्रभागों के सुचारू कामकाज के लिए परिषद्, अनुसंधान समिति, अनुसंधान संस्थान समिति और योजना और प्रशासन समिति की कोविड–19 दिशानिर्देशों का पालन करते हुए अपनी बैठकें आयोजित की हैं।

यह भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (भा.सा.वि.अ.प.) की 53वीं वार्षिक रिपोर्ट है जिसमें 1 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2022 तक की भा.सा.वि.अ.प. गतिविधियों को दर्शाया गया है।

2

अनुसंधान संवर्धन

सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान को बढ़ावा देना भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (भा.सा.वि.अ.प.) की सबसे महत्वपूर्ण गतिविधि है। विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं के माध्यम से भा.सा.वि. अ.प. अपने सकारात्मक लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास कर रहा है जैसे कि संकायों के लघु, वृहद् और सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाओं को वित्तीय सहायता; शोधार्थियों तथा संकायो को डॉक्टरेट, पोस्ट–डॉक्टोरल, वरिष्ठ एवं राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति प्रदान करना; सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के निष्कर्षों के प्रसार के लिए संगोष्ठी और सम्मेलन अनुदान प्रदान करना; युवा शोधकर्ताओं और संकायों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को प्रायोजित करना; शोधार्थियों और संकायों को अंतर्राष्ट्रीय यात्रा एवं डेटा संग्रह अनुदान प्रदान करना; पत्रिकाओं और पुस्तकों को वित्त पोषित करना; वदेशों में राष्ट्र स्तरीय वित्त पोषण एजेंसियों के साथ अनुसंधान में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करना; पत्रिकाओं और पुस्तकों के प्रकाशन हेतु अनुदान देना एवं आधारभूत अनुदानों के माध्यम से व्यावसायिक सामाजिक विज्ञान संघों/संगठनों को मजबूत करना; सामाजिक विज्ञान शोधकर्ताओं आदि को पुस्तकालय, प्रलेखन, डेटा और ऑनलाइन साहित्य सेवाएं प्रदान करना।

भा.सा.वि.अ.प. ने सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में अध्ययन के निम्नलिखित व्यापक विषयों की पहचान की हैः

क) अर्थशास्त्र
ख) समाजशास्त्र और सामाजिक नृविज्ञान
ग) राजनीति विज्ञान/लोक प्रशासन
घ) अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन
ङ) सामाजिक भूगोल एवं जनसंख्या अध्ययन
च) वाणिज्य तथा प्रबंधन
छ) सामाजिक मनोविज्ञान
ज) शिक्षाशास्त्र
झ) सामाजिक भाषाविज्ञान/सामाजिक–सांस्कृतिक अध्ययन
ञ) कानून/अंतर्राष्ट्रीय कानून
ट) राष्ट्रीय सुरक्षा और सामरिक अध्ययन
ठ) अन्य संबद्ध सामाजिक विज्ञान विषय जैसे पुस्तकालय विज्ञान, सामाजिक कार्य, मीडिया अध्ययन, आधुनिक सामाजिक इतिहास, स्वास्थ्य अध्ययन, लिंग अध्ययन, पर्यावरण अध्ययन, प्रवासी अध्ययन, क्षेत्र अध्ययन, संस्कृत–समाज और सांस्कृतिक अध्ययन आदि विषयों के अंतर्गत अंतर्विषयक और बहु–विषयक अनुसंधान को बढ़ावा देना।

अनुसंधान परियोजनाएं

देश में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को बढ़ावा देने हेतु व्यक्तिगत एवं संस्थागत दोनों तरह की शोध परियोजनाएं महत्वपूर्ण हैं। अनुसंधान परियोजनाएं किसी भी सामाजिक विज्ञान विषय से संबंधित हो सकती हैं या प्रकृति में बहु–विषयक हो सकती हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट उद्देश्य हैंः (क) अनुसंधान के उच्च गुणवत्ता वाले स्वतंत्र कार्यक्रम का समर्थन करना; (ख) भावी शोधकर्ताओं को प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करना; (ग) अनुसंधान हेतु नए सैद्धांतिक या पद्धति–तार्किक दृष्टिकोण के विकास में योगदान करना; (घ) विभिन्न विषयों के अनुसंधान गतिविधियों को संधारित एवं बनाए रखना; (ङ) सामाजिक विज्ञान में शोधकर्ताओं के बीच सहयोगात्मक, अंतःविषय और बहु–विषयक अनुसंधान गतिविधियों को प्रोत्साहन देना ; और (च) अकादमिक समुदाय के भीतर एवं वाह्य अनुसंधान परिणामों के संचार को सुगम करना तथा नीति निर्माताओं को महत्वपूर्ण इनपुट भी प्रदान करना आदि।

भा.सा.वि.अ.प. भारतीय शोधार्थियों को दो प्रकार की अनुसंधान परियोजनाएं प्रदान करता हैः (क) वृहद् तथा लघु अनुसंधान परियोजनाएं जिन्हें पहले अनुसंधान परियोजनाओं (रिस्पान्सिव) के रूप में जाना जाता था (ख) अनुसंधान कार्यक्रम जिन्हें पहले अनुसंधान परियोजनाओं (प्रायोजित) के रूप में जाना जाता था।

तालिका 2.1

वृहद् और लघु अनुसंधान परियोजनाओं की स्थिति (रिस्पान्सिव)

वर्ष	प्रदत्त परियोजना	रद्द/बंद/वापस ली हुई	ज्वाइन की गयीं परियोजनाएं	अंतिम रिपोर्ट प्राप्त	लंबित रिपोर्ट / प्रगति में
अप्रैल 1969 से मार्च 1990 तक (21 वर्ष)	2023	225	1798	1798	-
1990-2010 (20 वर्ष)	1426	98	1328	1328	-
2010-2011	185	07	178	178	
2011-2012	365	10	355	350	05
2012-2013	289	03	286	285	01
2013-2014	187	05	182	180	02
2014-2015	333	21	312	310	02
2015-2016	326	22	304	284	20
2016-2017	470	17	453	400	53
2017-2018	356	02	354	249	105
2018-2019	04*	-	04	02	02
2019-2020	320	41	279	96	183 (प्रगति पर)
2020-2021	74	03	71	55	16 (प्रगति पर)
2021-2022	348	02	346**	-	346 (प्रगति पर)
कुल	**6706**	**456**	**6250**	**5515**	**735**

* 249 इंप्रैस प्रोजेक्ट, जो पहले इस आंकड़े में शामिल थे, हटा दिए गए हैं और इंप्रैस अध्याय में रिपोर्ट किए गए हैं।

** दिनांक 31/03/2022 तक 346 पुरस्कार विजेताओं में से 317 शामिल हो गए हैं।

वृहद् तथा लघु अनुसंधान परियोजनाएं

वृहद् तथा लघु परियोजनाएं मूल रूप से मांग पर आधारित होती हैं। इस योजना के तहत, भा.सा.वि.अ.प. शोधार्थियों को उनकी पसंद के विषयों पर शोध करने हेतु अनुदान प्रदान करता है। स्थापना के बाद से स्वीकृत अनुसंधान परियोजनाओं की वर्ष–वार स्थिति तथा 31 मार्च 2022 तक प्राप्त रिपोर्ट तालिका 2.1 में प्रस्तुत की गई है।

अनुसंधान कार्यक्रम

अनुसंधान कार्यक्रम नीति एवं सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में महत्व और प्राथमिकता के विषयों पर एक साथ या क्रमिक रूप से किए गए अनुसंधान अध्ययनों की एक श्रृंखला है। नए सामाजिक विज्ञान अनुसंधान मुद्दों की आलोचनात्मक समझ हेतु सिद्धांत, कार्यप्रणाली, नए निष्कर्षों तथा नीति परिणामों के संदर्भ में गहरी समझ विकसित करने आदि के लिए भा.सा.वि.अ.प. द्वारा समय–समय पर निर्धारित इन अध्ययनों का अंतर–विषयक या बहु–विषयक या अंतर– संस्थागत प्रकृति के होने की आशा है। हालांकि, उच्च प्रभाव अध्ययन जो संरचना में व्यापक हैं लेकिन एक ही विषय के दायरे में आते हैं, उन पर भी विचार किया जाता है।

विभिन्न राज्यों के लिए अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों तथा गैर–अधिसूचित जनजातियों (डीएनटी) की शैक्षिक स्थिति पर अखिल भारतीय रिपोर्ट के साथ, 2011–12 में अनुसंधान परियोजनाओं (प्रायोजित) या अनुसंधान कार्यक्रम की योजना शुरू की गई थी। वर्ष 2011–12 से स्वीकृत अनुसंधान कार्यक्रमों, रद्द/वापस/बंद की गई परियोजनाओं और 31 मार्च 2022 तक प्राप्त रिपोर्टों की वर्ष–वार स्थिति तालिका 2.2 में दी गई है।

तालिका 2.2

अनुसंधान कार्यक्रमों या परियोजनाओं की स्थिति (प्रायोजित)

वर्ष	प्रदत्त परियोजना	रद्द/बंद/वापस ली हुई	ज्वाइन की गयीं परियोजना	अंतिम रिपोर्ट प्राप्त	लंबित रिपोर्ट / प्रगति में
2011-2012	27	-	27	27	-
डीएनटी अध्ययन	04	-	04	04	-
2012-2013	43	01	42	42	-
2013-2014	75	10	65	65	-
2014-2015	61	03	58	58	-
2015-2016	73	-	73	69	04
2016-2017	32	-	32	32	-
2017-2018	73	03	70	59	11 (प्रगति पर)
2018-2019*	-	-	-	-	-
2019-2020	47	01	46	02	44 (प्रगति पर)
2020-2021*	-	-	-	-	-
2021-2022	58	01	57	-	57 (प्रगति पर)
कुल	**493**	**19**	**474**	**358**	**116**

* कोविड महामारी द्वारा उत्पन्न बाधाओं के कारण नए अवार्ड्स नहीं दिए जा सके।

नए पुरस्कार

वित्तीय वर्ष (2021–22) के लिए भा.सा.वि.अ.प. सचिवालय ने 5 अगस्त, 2021 को भा.सा.वि.अ.प. की वेबसाइट पर एक विज्ञापन जारी किया। वर्ष 2021–22 के लिए भा.सा.वि.अ.प. अनुसंधान परियोजनाओं के लिए 6 सितंबर, 2021 की समय सीमा के साथ आवेदन (ऑनलाइन) आमंत्रित किए गए, जिसे 12 सितंबर 2021 तक बढ़ा दिया गया था। समय सीमा पर, सचिवालय को 5897 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें से 454 आवेदन अनुसंधान कार्यक्रम के लिए और 5443 वृहत/लघु अनुसंधान परियोजनाओं के लिए थे। भा.सा.वि.अ.प. ने विशेषज्ञों के रूप में वरिष्ठ सामाजिक वैज्ञानिकों को शामिल करते हुए कठिन मूल्यांकन प्रक्रिया का इस्तेमाल किया, जिसमें बजट पर विस्तृत चर्चा के साथ स्क्रीनिंग, लघुसूचीयन, आलोचनात्मक मूल्यांकन और वार्ता–सह–प्रस्तुति शामिल थी।

निर्धारित प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के बाद, 58 अनुसंधान कार्यक्रमों, 205 वृहद् अनुसंधान परियोजनाओं एवं 143 लघु अनुसंधान परियोजनाओं को अवार्ड किया गया। प्रतिवेदन वर्ष के दौरान स्वीकृत अनुसंधान कार्यक्रमों तथा परियोजनाओं का विवरण परिशिष्ट–3 में दिया गया है।

इस वर्ष के दौरान, "कोविड–19 के सामाजिक विज्ञान आयामों पर ध्यान केंद्रित करने वाले अध्ययन के लिए विशेष कॉल" की 55 अंतिम रिपोर्ट, और पूर्व के वर्षों में स्वीकृत 140 वृहद् एवं लघु अनुसंधान परियोजनाएं तथा 21 अनुसंधान कार्यक्रम प्राप्त हुए। अनुसंधान कार्यक्रम एवं वृहद्/लघु परियोजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त अंतिम प्रतिवेदनों का विवरण परिशिष्ट–3 में दिया गया है। वर्ष 2021–22 के लिए अनुसंधान परियोजनाओं हेतु कुल व्यय 2011.75 लाख रु (सामान्य के अंतर्गत 1880.66 लाख रुपये, एससी के अंतर्गत 51.68 लाख रुपये और एसटी के अंतर्गत 79.41 लाख रुपये)। अनुदान में वृहद्/लघु अनुसंधान परियोजनाओं और अनुसंधान कार्यक्रम हेतु व्यय शामिल है।

अनुसंधान अध्येतावृत्तियाँ

युवा, वरिष्ठ और स्थापित सामाजिक वैज्ञानिकों को अनुसंधान के अवसर प्रदान करने के लिए भा.सा.वि.अ.प. द्वारा अनुसंधान अध्येतावृत्तियों की परिकल्पना की गई है, जो उन्हें अनुसंधान की चार श्रेणियों के माध्यम से, उनकी पसंद के महत्वपूर्ण विषयों पर पूर्णकालिक शोध में संलग्न करके पूरा किया जाता है, ये चार श्रेणियाँ हैं, राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियाँ, सीनियर अध्येतावृत्तियाँ, पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ और डॉक्टरेट अध्येतावृत्तियाँ। ये

तालिका 2.3

भा.सा.वि.अ.प. राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियों की वर्षवार स्थिति (31.03.2022 तक)

वर्ष	प्रदत्त राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियाँ	ज्वाइन नहीं की गई/रद्द/बंद	अंतिम रिपोर्ट प्राप्त	लंबित रिपोर्ट / प्रगति में
1969-1990	41	07	34	-
1991-2010	60	06	54	-
2010-2011	06	01	05	-
2011-2012	04	-	04	-
2012-2013	13	03	10	-
2013-2014	17	01	14	02
2014-2015	12	02	09	01
2015-2016	10	-	08	02
2016-2017	-	-	-	-
2017-2018	-	-	-	-
2018-2019	07	01	05	01
2019-2020	04	-	02	02 (प्रगति पर)
2020-2021	02*	-	-	02 (प्रगति पर)*
2021-2022	02*	-	-	02 (प्रगति पर)*
कुल	**174**	**21**	**145**	**08**

*चूंकि महामारी के दौरान लागू बाधाओं के कारण कोई नया पुरस्कार नहीं लिया जा सका, इसलिए बेहतर निगरानी तथा पिछले वर्ष (वर्षों) में जारी अध्येतावृत्तियों की निरंतरता एवं समय पर उनकी पूर्णता सुनिश्चित करने हेतु सभी संभव प्रयास किए गए थे और इसलिए इसे कुल योग में शामिल नहीं किया गया था।

अध्येतावृत्तियाँ उन शोधार्थियों को प्रदान की जाती है जो अपने पेशे के विभिन्न स्तरों पर हैं।

राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियाँ

राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियों का उद्देश्य प्रख्यात भारतीय समाज वैज्ञानिकों को पूर्णकालिक अनुसंधान में स्वयं को संलग्न करने के अवसर प्रदान करना है, जिसमें उनकी रूचि के महत्वपूर्ण विषयों पर सामाजिक विज्ञान में ज्ञान की प्रगति में योगदान करने या उनके अनुसंधान के आधार पर किताबें लिखने की क्षमता हो। भा.सा.वि.अ.प. अब तक 174 राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियाँ प्रदान कर चुका है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, दो राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियाँ प्रगति पर थीं, जिन्हें पिछले वर्षों में प्रदान किया गया था तथा पिछले वर्षों से संबंधित पांच अंतिम रिपोर्ट प्राप्त हुई थीं। प्रासंगिक विवरण तालिका 2.3 में दिए गए हैं।

वरिष्ठ अध्येतावृत्तियाँ

आवेदकों द्वारा प्रस्तावित राष्ट्रीय और सामाजिक महत्व के विषयों और मुद्दों पर पूर्णकालिक शोध करने के लिए उत्कृष्ट भारतीय सामाजिक वैज्ञानिकों को वरिष्ठ अध्येतावृत्तियाँ प्रदान की जाती है। इन अध्ययनों से विभिन्न विषयों में सैद्धांतिक और वैचारिक उन्नति में योगदान, क्षेत्र कार्य आधारित अनुभवजन्य डेटा उत्पन्न करने एवं नीति निर्माण में योगदान करने की आशा है। भा.सा.वि.अ.प. ने अब तक 825 सीनियर अध्येतावृत्तियाँ प्रदान की है। वर्ष के दौरान 30 सीनियर अध्येतावृत्तियाँ प्रदान की गईं और पिछले वर्षों से संबंधित 24 अंतिम रिपोर्ट प्राप्त हुई। प्रासंगिक विवरण तालिका 2.4 में दिए गए हैं।

तालिका 2.4

भा.सा.वि.अ.प. की वरिष्ठ अध्येतावृत्तियों की वर्षवार स्थिति (31.03.2022 तक)

वर्ष	प्रदत्त वरिष्ठ अध्येतावृत्तियाँ	ज्वाइन नहीं की गई/रद्द/बंद	अंतिम रिपोर्ट प्राप्त	लंबित रिपोर्ट / प्रगति में
1969-1990	256	30	226	-
1991-2010	187	33	154	-
2010-2011	18	02	16	-
2011-2012	14	01	13	-
2012-2013	40	07	33	-
2013-2014	34	03	31	-
2014-2015	35	06	27	02
2015-2016	47	10	35	02
2016-2017	34	02	30	02
2017-2018	36	-	31	05
2018-2019	49	-	11	38
2019-2020	45	01	06	38 (प्रगति पर)
2020-2021	38*	-	-	38 (प्रगति पर)*
2021-2022	30	-	-	30 (प्रगति पर)
कुल	**825**	**95**	**613**	**117**

*चूंकि महामारी के दौरान लागू बाधाओं के कारण कोई नया पुरस्कार नहीं लिया जा सका, इसलिए बेहतर निगरानी तथा पिछले वर्ष (वर्षों) में जारी अध्येतावृत्तियों की निरंतरता एवं समय पर उनकी पूर्णता सुनिश्चित करने हेतु सभी संभव प्रयास किए गए थे और इसलिए इसे कुल योग में शामिल नहीं किया गया था।

पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ

भारतीय सामाज वैज्ञानिक तथा आवेदकों द्वारा प्रस्तावित विशिष्ट विषयों एवं मुद्दों पर पूर्णकालिक शोध करने का दावा करने वाले उच्च क्षमता वाले युवा शोधार्थियों को पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ प्रदान की जाती है। इन अध्ययनों से विभिन्न विषयों में सैद्धांतिक और वैचारिक उन्नति में योगदान, क्षेत्र कार्य आधारित अनुभवजन्य डेटा उत्पन्न करने और नीति निर्माण में योगदान करने की आशा है। भा.सा.वि.अ.प. ने अब तक 2817 पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ प्रदान की हैं। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, 243 पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ प्रदान की गईं तथा पिछले वर्षो से संबंधित 176 अंतिम रिपोर्ट प्राप्त हुईं। प्रासंगिक विवरण तालिका 2.5 में दिए गए हैं।

शोधार्थियों द्वारा सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए, अध्येतावृत्तियों के दौरान भा.सा.वि.अ.प. शोधार्थियों को प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में अपने शोध– विषय से संबंधित कम से कम दो शोध पत्र/लेख प्रस्तुत करने होंगे। वर्ष 2021–22 में विभिन्न शोध पत्रिकाओं में 437 शोध–अध्येताओं द्वारा 437 शोधपत्र प्रकाशित किए गए हैं। इनमें से 52 शोध पत्र स्कोपस इंडेक्सेड पत्रिका में, 72 यूजीसी लिस्टेड रिसर्च पत्रिका में, 184 अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में और 95 राष्ट्रीय पत्रिका में और 34 पुस्तक अध्याय के रूप में प्रकाशित हुए। प्रकाशनों की संबंधित सूची परिशिष्ट 4 में दी गई है।

नए पुरस्कार

वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए, भा.सा.वि.अ.प. सचिवालय ने 27 जुलाई 2021 को भा.सा.वि.अ.प. वेबसाइट पर एक विज्ञापन जारी किया। वर्ष 2021–22 की सीनियर और पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियों के लिए 26 अगस्त 2021 तक की समय सीमा के साथ ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। समय 28 अगस्त 2021 तक बढ़ाया गया था। समय सीमा पर, सचिवालय को सीनियर अध्येतावृत्तियों के लिए 204 और पोस्ट–डॉक्टरल अध्येतावृत्तियों के लिए 1466 आवेदन प्राप्त हुए।

तालिका 2.5

भा.सा.वि.अ.प. की पोस्ट–डॉक्टरल अध्येतावृत्तियों की वर्षवार स्थिति (31.03.2022 तक)

वर्ष	प्रदत्त पोस्ट–डॉक्टोरल वरिष्ठ अध्येतावृत्तियाँ	ज्वाइन नहीं की गई/रद्द/बंद	अंतिम रिपोर्ट प्राप्त	लंबित रिपोर्ट / प्रगति में
1969-1990	117	38	79	-
1991-2010	212	73	139	-
2010-2011	38	08	30	-
2011-2012	55	06	47	02
2012-2013	200	31	169	-
2013-2014	404	51	330	23
2014-2015	252	62	172	18
2015-2016	321	83	194	44
2016-2017	256	39	144	73
2017-2018	226	27	126	73
2018-2019	224	11	67	146
2019-2020	269	13	22	234 (प्रगति पर)
2020-2021	234*	-	-	234 (प्रगति पर)*
2021-2022	243	21	-	222 (प्रगति पर)
कुल	**2817**	**463**	**1519**	**835**

*चूंकि महामारी के दौरान लागू बाधाओं के कारण कोई नया पुरस्कार नहीं लिया जा सका, इसलिए बेहतर निगरानी तथा पिछले वर्ष (वर्षों) में जारी अध्येतावत्तियों की निरंतरता एवं समय पर उनकी पूर्णता सुनिश्चित करने हेतु सभी संभव प्रयास किए गए थे और इसलिए इसे कुल योग में शामिल नहीं किया गया।

भा.सा.वि.अ.प. ने विशेषज्ञों के रूप में वरिष्ठ सामाजिक वैज्ञानिकों को शामिल करते हुए कठिन मूल्यांकन प्रक्रिया का इस्तेमाल किया, जिसमें स्क्रीनिंग, शॉर्टलिस्टिंग, महत्वपूर्ण मूल्यांकन और वार्ता–सह–प्रस्तुति शामिल थी।

नियत प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद, 30 वरिष्ठ और 243 पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ प्रदान की गईं। रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान स्वीकृत सीनियर और पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियों का विवरण परिशिष्ट 4 में दिया गया है।

वर्ष 2021–22 के दौरान, राष्ट्रीय/वरिष्ठ/पोस्ट–डॉक्टरेट अध्येतावृत्ति योजनाओं के लिए कुल बजट आवंटन/व्यय रु. 1679.96 लाख (सामान्य–रु. 1347.22 लाख, अनुसूचित जाति–236.76 लाख, एसटी– 95.98 लाख रु.)।

डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ

भा.सा.वि.अ.प. डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ चयनित पंजीकृत पीएच.डी. शोधार्थियों को सामाजिक विज्ञान विषयों में डॉक्टरेट की थीसिस को आगे बढ़ाने तथा पूरी करने के लिए प्रदान की जाती है। मुख्य उद्देश्य शोधार्थियों को उनके शोध कार्य पर पूर्णकालिक ध्यान केंद्रित करने और अपने पीएच.डी. थीसिस और प्रकाशन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

भा.सा.वि.अ.प. अपनी 'केंद्र प्रशासित डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति योजना' और 'संस्थागत डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति योजना' के तहत निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ प्रदान कर रहा है। 'केंद्र प्रशासित योजना' के मामले में, अध्येतावृत्तियाँ सीधे भा.सा.वि.अ.प. द्वारा प्रदान की जाती है और निगरानी की जाती है और संबंधित डॉक्टोरल फेलो एक विश्वविद्यालय

या कॉलेज से संबद्ध होते हैं। 'संस्थागत अध्येतावृत्ति योजना' के तहत, डॉक्टोरल फेलो एक भा.सा.वि.अ.प. प्रायोजित/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान के द्वारा संबद्ध और निगरानी में होते हैं। 'केंद्रीय प्रशासित डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति' के लिए आमंत्रण भा.सा.वि.अ.प. द्वारा दिया जाता है और अध्येतावृत्ति विशेषज्ञ समितियों द्वारा स्क्रीनिंग और मूल्यांकन के बाद प्रदान की जाती है। 'संस्थागत डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति' संबंधित शोध संस्थानों द्वारा दी जाती है तथा प्रारंभिक जांच के बाद, शॉर्ट–लिस्टेड आवेदन भा.सा.वि.अ.प. को इसके विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन और अंतिम पुरस्कार हेतु भेजे जाते हैं। 'संस्थागत डॉक्टरेट अध्येतावृत्ति' अनिवार्य रूप से दो साल के कार्यकाल के लिए या विश्वविद्यालय में थीसिस जमा करने तक, जो भी पहले हो; दी जाती है।

भा.सा.वि.अ.प. के 'केंद्र–प्रशासित डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति' कार्यक्रम के अंतर्गत, तीन प्रकार की योजनाएं हैं:

1. 'पूर्णकालिक डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति' दो साल की अवधि के लिए या विश्वविद्यालय में थीसिस जमा करने तक, जो भी पहले हो; तक प्रदान की जाती है।

2. 'अल्पकालिक डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति' उन शोधार्थियों को समर्थन देने के लिए छह महीने की अवधि के लिए प्रदान की जाती है जो अपने डॉक्टोरल कार्य के अंतिम चरण में हैं।

3. 'आकस्मिक अनुदान' एक समेकित थीसिस कार्य पर होने वाले खर्च को पूरा करने के लिए अनुदान है और उन शोधार्थियों को प्रदान किया जाता है जिन्हें कोई आकस्मिक अनुदान नहीं मिला है।

डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति अवार्ड्स, 2021–22

भा.सा.वि.अ.प. ने वर्ष 2021–22 के लिए केंद्र–प्रशासित डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियों की अपनी तीन योजनाओं के लिए अपनी वेबसाइट पर 15 जुलाई 2021 को कॉल ऑफ एप्लिकेशन डालकर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए थे।

साथ ही, संस्थानों को आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा गया था। इसके उत्तर में, 2,399 आवेदन प्राप्त हुए, 2,314 केंद्र प्रशासित

तालिका 2.6

भा.सा.वि.अ.प. अनुसंधान संस्थानों (2021–22) में प्रदत्त संस्थागत डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ

क्र.स.	संस्थान का नाम	प्राप्त आवेदन	प्रदत्त अध्येतावृत्तियाँ					
			सामान्य	एस.सी.	एस.टी.	कुल	पुरुष	महिला
1	ए.एन.एस.आई.एस.एस. पटना	07	04	-	-	04	03	01
2	सी.डी.एस., थिरुवनंतपुरम	02	01	-	-	01	01	-
3	सी.ई.एस.एस., हैदराबाद	11	04	-	01	05	01	04
4	सी.एम.डी.आर., धारवाड़	11	01	-	-	01	-	01
5	सी.आर.आर.आई.डी., चंडीगढ़	07	03	-	-	03	-	03
6	सी.डब्लू.डी.एस., दिल्ली	02	01	-	-	01	-	01
7	आई.ई.जी., दिल्ली	04	02	-	-	02	02	-
8	आई.आई.ई., पुणे	05	-	-	-	-	-	-
9	आई.पी.ई., हैदराबाद	16	03	-	-	03	-	03
10	आई.एस.ई.सी., बैंगलोर	09	06	-	-	06	01	05
11	एम.आई.डी.एस., चेन्नई	01	-	-	-	-	-	-
12	एम.पी.आई.एस.एस.आर., उज्जैन	02	-	01	-	01	01	-
13	एन.के.सी., भुबनेश्वर	01	01	-	-	01	-	01
14	एस.पी.आई.ई.एस.आर., अहमदाबाद	02	-	-	-	-	-	-
15	जी.आई.एफ़.टी., थिरुवनंतपुरम	04	02	-	01	03	-	03
16	आई.डी.एस., कोलकाता	01	-	-	-	-	-	-
	कुल	**85**	**28**	**01**	**02**	**31**	**09**	**22**

अध्येतावृत्ति योजनाओं के लिए ऑनलाइन लॉग–इन किए गए तथा 16 संस्थानों से 85 आवेदन प्राप्त हुए। अंततः, विशेषज्ञ समिति (समितियों) द्वारा अनुसंधान प्रस्तावों के मूल्यांकन के लिए 2,287 आवेदकों को (2,128 केंद्र–प्रशासित पूर्णकालिक अध्येतावृत्तियों के लिए, 65 शॉर्ट–टर्म अध्येतावृत्तियों के लिए, 13 आकस्मिक अनुदान के लिए और 81 संस्थागत अध्येतावृत्तियों के लिए) योग्य पाया गया।

2,287 शोध प्रस्तावों का मूल्यांकन करने के लिए 80 सदस्यों की विशेषज्ञ समिति (समितियों) का गठन किया गया था। इसके बाद, भा.सा.वि.अ.प. ने अस्थायी रूप से 487 पूर्णकालिक डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ प्रदान की, जिनमें से 456 को केंद्र–प्रशासित और 31 को संस्थागत डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति योजनाओं के तहत प्रदान किया गया। केंद्र प्रशासित 456 अवार्ड प्राप्त करने वालों में से 381 सामान्य, 72 अनुसूचित जाति और 34 अनुसूचित जनजाति वर्ग के थे।

16 अनुसंधान संस्थानों से संस्थागत डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति के लिए प्राप्त 85 आवेदनों तथा प्रदत्त 31 अध्येतावृत्ति अवार्ड का अनुसंधान संस्थान–वार विवरण तालिका 2.6 में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, 24 आवेदकों को भा.सा.वि.अ.प. 'लघु अवधि अध्येतावृत्ति' प्रदान किया गया और दो को आकस्मिक अनुदान से प्रदान किया गया। कुल मिलाकर, भा.सा.वि.अ.प. ने अपनी चार योजनाओं के तहत वर्ष 2021–22 में 513 डॉक्टरेट अध्येतावृत्तियाँ प्रदान की, जिस पर प्रतिबद्ध व्यय 2564.84 लाख रु. हुआ।

सभी चार योजनाओं के अंतर्गत भा.सा.वि.अ.प. 'डॉक्टरेट अध्येतावृत्ति' अवार्ड प्राप्त करने वालों की सूची परिशिष्ट 4 में देखी जा सकती है।

वर्ष 2021–22 में प्राप्त पीएच.डी. थीसिस एवं प्रकाशन

भा.सा.वि.अ.प. डॉक्टोरल फैलो द्वारा वर्ष 2021–22 के दौरान 370 पी.एच.डी. थीसिस प्रस्तुत की गयी, जिसमें 46 को संस्थागत अध्येतावृत्ति अवार्ड प्राप्त हुए थे। उक्त सूची परिशिष्ट 4 में देखी जा सकती है।

भा.सा.वि.अ.प. ने 2018–19 और 2019–20 बैच के डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति अवार्ड प्राप्त शोधार्थियों द्वारा किए गए प्रकाशनों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं और इसके उत्तर में 686 शोध पत्रों (610 पत्र पत्रिकाओं में और 76 संपादित पुस्तकों में प्रकाशित हुए हैं) की प्रतियां प्राप्त की। जर्नल में प्रकाशित 610 पेपरों में से 51 पेपर स्कोपस–इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में और 151 यूजीसी केयर लिस्टेड पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए इन 610 प्रकाशनों में से 338 अंतरराष्ट्रीय और 272 राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। स्कोपस–इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में प्रकाशित 51 पेपर्स और यूजीसी केयर लिस्टेड पत्रिकाओं में 151 पेपर्स की संबंधित सूची परिशिष्ट 4 में दी गई है।

भा.सा.वि.अ.प. डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियों की स्थिति

वर्ष 1969 में स्थापित होने के पश्चात से भा.सा.वि.अ.प. ने अब तक पूर्णकालिक एवं अल्पकालिक समयावधि के 9,200 डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति अवार्ड प्रदान किये है। इसमें से, 7,033 पूर्ण–अवधि अध्येतावृत्तियाँ थीं जिन्हें भा.सा.वि.अ.प. के साथ–साथ इसके अनुसंधान संस्थानों द्वारा प्रदान किया गया था तथा बाद में 6,133 अवार्ड प्राप्त करने वालों ने अध्येतावृत्ति अनुदान का लाभ उठाया। कुल मिलाकर, भा.सा.वि.अ.प. ने अपने अवार्ड प्राप्त करने वालों से 2495 पीएच.डी. थीसिस प्राप्त की है, वर्ष 2021–22 में प्राप्त 370 थीसिस उसका परिणाम है। वर्ष 2021–22 तक प्रदान की गई भा.सा.वि.अ.प. पूर्णकालिक डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियों की संख्या, अवार्डी द्वारा वापस ली गई अध्येतावृत्तियाँ तथा भा.सा.वि.अ.प. द्वारा अपने अवार्डी से वर्षों से प्राप्त थीसिस की वर्ष–वार जानकारी तालिका 2.7 में देखी जा सकती है।

भविष्य की संभावनाएँ

भा.सा.वि.अ.प. मेधावी पीएच.डी. शोधार्थियों को सामाजिक विज्ञान के विभिन्न विषयों में अपने डॉक्टोरल अनुसंधान को आगे बढ़ाने तथा उन्हें अपने शोध और प्रकाशन के रूप में गुणवत्तापूर्ण शोध परिणाम लाने में सक्षम बनाने के लिए अपने प्रयास को जारी रखेगा।

समकालीन महत्व के गुणवत्ता अनुसंधान का समर्थन करने के अपने प्रयास में, भा.सा.वि.अ.प. विशेष रूप से अध्येतावृत्ति के चयन में प्रस्तावित शोध की वर्तमान प्रासंगिकता पर ध्यान केंद्रित करेगा। अध्ययन में प्रस्तावित विशिष्ट योगदानों को ध्यान में रखते हुए, नीति पर इसके प्रभाव के संदर्भ में, योजना में परिणाम–उन्मुख सिफारिशों तथा क्षेत्र में अनुसंधान के मौजूदा निकाय में ज्ञान उत्पन्न करने के द्वारा, इसे प्राप्त किया जाता है।

तालिका 2.7

भा.सा.वि.अ.प. डॉक्टरेट अध्येतावृत्तियों की वर्षवार स्थिति

अवार्ड वर्ष	प्रदत्त पूर्णकालिक डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ	रद्द / वापस ली गयी	अवार्ड किए गये सदस्य शामिल हुए	डॉक्टोरल थीसिस प्राप्त
1971-2003	1357	434	923	405
2003-2004	89	08	81	-
2004-2005	94	02	92	-
2005-2006	28	03	25	-
2006-2007	80	11	69	-
2007-2008	102	08	94	-
2008-2009	96	07	89	15
2009-2010	77	12	65	61
2010-2011	99	08	91	38
2011-2012	131	16	115	28
2012-2013	498	43	455	-
2013-2014	545	40	505	56
2014-2015	765	92	673	85
2015-2016	574	63	511	86
2016-2017	496	51	445	171
2017-2018	484	27	457	246
2018-2019	505	19	486	319
2019-2020	495	11	484	333
2020-2021	465* (प्रगति पर)	-	-	282
2021-2022	518**	45	473	370
कुल	**7033**	**900**	**6133**	**2495**

*चूंकि महामारी के दौरान लागू बाधाओं के कारण कोई नया पुरस्कार नहीं लिया जा सका, इसलिए बेहतर निगरानी तथा पिछले वर्ष (वर्षों) में जारी अध्येतावृत्तियों की निरंतरता एवं समय पर उनकी पूर्णता सुनिश्चित करने हेतु सभी संभव प्रयास किए गए थे और इसलिए इसे कुल योग में शामिल नहीं किया गया।

**जिसमें 487 को केंद्र से और 31 को वापिस लिए गए आवेदनों के बदले प्रतीक्षा सूची में शामिल किया गया है।

प्रदान की गई अध्येतावृत्तियों की निगरानी अधिक शोधार्थी–उन्मुख होगी तथा इसका उद्देश्य युवा शोधार्थियों में बेहतर शोध क्षमताओं के निर्माण, अनुसंधान गतिविधियों में भागीदारी, प्रकाशन और डॉक्टोरल थीसिस को समय पर प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/सम्मेलन

सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में उच्च महत्व के मुद्दों पर विचार–विमर्श को बढ़ावा देने के लिए भारत में संगोष्ठियों/सम्मेलनों का प्रायोजन/वित्त पोषण भा.सा.वि.अ.प. की प्रमुख गतिविधियों में से एक है। वे शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को विचारों और शोध निष्कर्षों का आदान–प्रदान करने, नीतिगत प्रासंगिक मुद्दों पर महत्वपूर्ण शोध प्रश्नों पर चर्चा करने तथा महत्वपूर्ण सामाजिक समस्याओं पर अकादमिक शोध रिपोर्ट तैयार करने के अवसर प्रदान करते हैं। हालाँकि, परिषद् स्वयं कुछ संगोष्ठियों का आयोजन करती है, अधिकांश राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों या सम्मेलनों के आयोजन के लिए शैक्षणिक संस्थानों को यह आंशिक वित्तीय सहायता के रूप में समर्थन करता है।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, भा.सा.वि.अ.प. को पूरे भारत से अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय संगोष्ठी/सम्मेलन

आयोजित करने के लिए 242 से अधिक प्रस्ताव प्राप्त हुए, विशेषज्ञ समिति द्वारा जिनमें से 131 प्रस्तावों को वित्त पोषण के लिए चुना गया था।

इसमें 30 अंतर्राष्ट्रीय और 101 राष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रस्ताव शामिल थे, जिसमें कुल 204.70 लाख रुपए खर्च हुए। अनुमोदित संगोष्ठियों की सूची परिशिष्ट 5 में देखी जा सकती है। अपनी स्थापना के बाद से भा.सा.वि.अ.प. द्वारा वित्त पोषित संगोष्ठियों के बारे में वर्ष–वार विवरण तालिका संख्या 2.8 में देखा जा सकता है।

तालिका 2.8

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन / संगोष्ठी (प्रायोजित / वित्त पोषित)

वर्ष	राष्ट्रीय सम्मेलन/ संगोष्ठी	अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन/संगोष्ठी
1971-1990	297	24
1990-2010	1400	161
2010-2011	81	15
2011-2012	82	59
2012-2013	249	108
2013-2014	270	130
2014-2015	347	133
2015-2016	462	149
2016-2017	277	79
2017-2018	217	87
2018-2019	235	91
2019-2020	227	94
2020-2021	18	02
2021-2022	196*	30
कुल	**4358**	**1162**

* 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत प्रदत्त 95 सम्मेलन/संगोष्ठी भी शामिल हैं।

'आजादी का अमृत महोत्सव' विषय के अंतर्गत संगोष्ठी/कार्यशालाओं का आयोजन

प्रगतिशील स्वतंत्र भारत के 75 साल तथा यहाँ के नागरिकों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को मनाने और स्मरण करने की एक पहल है। यह 'महोत्सव' भारत के उन लोगों को समर्पित है, जिन्होंने भारत को उसकी विकास यात्रा में अब तक लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके पास भारत 2.0 को सक्रिय करने की शक्ति एवं क्षमता भी है, जो आत्मनिर्भर भारत की भावना से प्रेरित है। 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' उन सब का अवतरित रूप है जो भारत की सामाजिक–सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक पहचान के बारे में प्रगतिशील है।

'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के प्राथमिक फोकस में से एक हमारे देश के उन गुमनाम नायकों, कम ज्ञात व्यक्तित्वों और स्थानों का दस्तावेजीकरण करना है, जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में अमूल्य योगदान दिया है।

यह 12 मार्च 2021 को हमारी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ हेतु 75 सप्ताह की उलटी गिनती के साथ शुरू हुआ जो कि एक वर्ष के बाद 15 अगस्त 2023 को समाप्त होगा।

'आजादी का अमृत महोत्सव' के विषयः

1. स्वतंत्रता संग्राम
2. कार्य@75
3. उपलब्धियां@75
4. विचार@75, और
5. संकल्प@75

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, भा.सा.वि.अ.प. को पूरे भारत से राष्ट्रीय संगोष्ठियों/सम्मेलनों के आयोजन के लिए 147 से अधिक प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से विशेषज्ञ समिति द्वारा वित्त पोषण के लिए 95 प्रस्तावों का चयन किया गया। 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के विषय के तहत अनुशंसित राष्ट्रीय संगोष्ठी प्रस्तावों की एक सूची परिशिष्ट 5 में देखी जा सकती है।

"नए और आत्मनिर्भर भारत के लिए स्टार्ट–अप" विषय पर भा.सा.वि.अ.प. द्वारा सेमीनार का आयोजन

'9 सितंबर 2021 को आयोजित ''नए एवं आत्मनिर्भर भारत के लिए स्टार्टअप'' पर सभी प्रमुख हितधारकों की गोलमेज चर्चा में स्टार्टअप्स से संबंधित मुद्दों और तकनीकी बदलाव, विकास, प्रतिस्पर्धा और नई पीढ़ी के लिए उनकी क्षमता का उपयोग करने के तरीके पर चर्चा की गई। अर्थव्यवस्था में रोज़गार के अवसरों आदि मुद्दों पर शोधकर्ताओं, नीति निर्माताओं, स्टार्ट–अप और उद्योग संघों के प्रतिनिधियों सहित प्रमुख हितधारकों के एक समूह के साथ चर्चा हुई। गोलमेज चर्चा में लगभग

30–35 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। डॉ. कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यम, मुख्य आर्थिक सलाहकार, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने गोलमेज में मुख्य भाषण दिया। श्री एन के सिंह, पूर्व अध्यक्ष, 15वां वित्त आयोग, भारत सरकार ने विशेष टिप्पणी दी।

विदेश में पेपर प्रस्तुति/डेटा संग्रह के लिए अंतर्राष्ट्रीय यात्रा अनुदान

इस योजना का उद्देश्य महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/सम्मेलनों में पर्याप्त योगदान करने में सामाजिक विज्ञान के विद्वानों की सहायता करना है। इस प्रकार यह योजना भारत और विदेशों में सामाजिक वैज्ञानिकों के बीच अकादमिक संबंधों को बढ़ावा देता है, नई अंतर्दृष्टि विकसित करने का अवसर प्रदान करता है और उनके शोध दृष्टिकोण को बढ़ाता है और सामाजिक विज्ञान में ज्ञान की उन्नति और प्रसार में योगदान देता है।

तालिका 2.9

यात्रा अनुदान का वर्षवार विवरण

वर्ष	संगोष्ठियों/सम्मेलनों में भाग लेने के लिए यात्रा अनुदान	विदेश में डेटा संग्रह
1971-1990	342	116
1990-2010	547	64
2010-2011	35	06
2011-2012	50	03
2012-2013	101	06
2013-2014	120	32
2014-2015	146	48
2015-2016	202	57
2016-2017	197	59
2017-2018	54	23
2018-2019	178	22
2019-2020	172	22
2020-2021*	-	-
2021-2022	06	03
कुल	**2150**	**461**

*कोविड–19 महामारी से जुड़ी बाधाओं के कारण 2020–2021 के दौरान यात्रा और विदेश में आँकड़े (डाटा) संग्रहण अनुदान प्रदान नहीं किया जा सका।

भारत एवं विदेशी सामाजिक वैज्ञानिकों के बीच घनिष्ठ संपर्क को बढ़ावा देने की अपनी नीति के अनुसरण में, भा.सा.वि.अ.प. ने दो कार्यक्रम विकसित किए हैं। पहले के अंतर्गत, भारतीय विद्वानों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिन्हें विदेशों में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में योगदान देने और कागजात प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। अपने दूसरे कार्यक्रम में, भा.सा.वि.अ.प. उन शोधार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है जो अपने शोध कार्य के संबंध में डेटा संग्रह या परामर्श अभिलेखीय सामग्री के संग्रह के लिए विदेश जाने की इच्छा रखते हैं। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम ने वर्ष 2021–22 के दौरान अपनी सभी गतिविधियों के लिए कुल 103.55 लाख रुपये खर्च किए हैं। इसके अलावा, भा.सा.वि.अ.प. द्वारा इसकी स्थापना के बाद से वित्त पोषित यात्रा अनुदान के बारे में वर्ष–वार विवरण तालिका संख्या 2.9 में देखा जा सकता है।

प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम

सामाजिक विज्ञान में उच्च गुणवत्ता वाले शोध के लिए बुनियादी आवश्यकता विज्ञान और शोध करने की कला में प्रशिक्षण है। जबकि सामाजिक विज्ञान अनुसंधान का दार्शनिक आधार सामाजिक विज्ञान के सभी विषयों के लिए समान है, विभिन्न विषयों ने अपने स्वयं के सैद्धांतिक ढांचे और अनुसंधान की विषय विशिष्ट तकनीकों का विकास किया है। हालांकि, अंतःविषयक या बहु–विषयक अनुसंधान में खुद को संलग्न करने वाले शोधार्थियों को स्वयं को प्रशिक्षित करने के अलावा अन्य विषयों में लागू अनुसंधान पद्धतियों से खुद को परिचित करने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, शोध समस्या की पहचान के चरण से लेकर कार्यप्रणाली तक और अंत में, निष्कर्षों की रिपोर्टिंग और विश्लेषण और इन निष्कर्षों का प्रकाशन भी, ऐसे कई पहलू हैं जिनमें एक अच्छे शोधकर्ता को अपने कौशल को परिष्कृत करना होता है। इसलिए, भा.सा.वि.अ.प. विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों में अनुसंधान पद्धति और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का समर्थन और प्रायोजित करता है।

भा.सा.वि.अ.प. विभिन्न सामाजिक विज्ञान विषयों में युवा शोधकर्ताओं और संकायों के लिए अनुसंधान पद्धति और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सामाजिक विज्ञान संकायों को अनुदान प्रदान करता है, जिसमें बहु–विषयक क्षेत्रों और अनुसंधान उपकरणों में प्रशिक्षण शामिल हो सकता है। कार्यक्रम को निम्नलिखित दो श्रेणियों में बांटा गया हैः

(क) अनुसंधान पद्धति पाठ्यक्रम (आरएमसी)

पाठ्यक्रम का उद्देश्य पीडीएफ/पीएचडी/एम.फिल शोधार्थियों के कार्यप्रणाली और लेखन कौशल को बढ़ाना और भावी संकायों या सामाजिक विज्ञान शोधकर्ताओं के रूप में उनकी क्षमता विकसित करना है।

(ख) क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी)

इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक विज्ञान विषयों में युवा संकायों, मुख्य रूप से सहायक प्रोफेसरों को अपने विषयों में नवीनतम प्रगति के साथ–साथ कार्यप्रणाली और लेखन कौशल की समझ में उनकी क्षमता में सुधार करना है।

1971 से, जब पहली बार इस कार्यक्रम की अवधारणा की गई थी और भा.सा.वि.अ.प. द्वारा 2021–22 तक, 1099 अनुसंधान पद्धति, और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को वित्त पोषित किया गया है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, अनुसंधान पद्धति पाठ्यक्रम और क्षमता निर्माण कार्यक्रम (आरएमसी–62 और सीबीपी–42) दोनों के लिए कुल 104 प्रस्ताव प्राप्त हुए और मूल्यांकन के लिए विशेषज्ञ समितियों के समक्ष रखे गए। समितियों ने 106.09 लाख रुपए के कुल व्यय के साथ 55 प्रस्तावों (अनुसंधान पद्धति पाठ्यक्रम के तहत 31 और क्षमता निर्माण के तहत 24) को मंजूरी दी थी। वर्ष में अनुमोदित अनुसंधान पद्धति पाठ्यक्रम और क्षमता निर्माण पाठ्यक्रमों की सूची परिशिष्ट–6 में देखी जा सकती है।

तालिका 2.10

आरएमसी और सीबीपी की वर्ष–वार स्थिति

वर्ष	अनुसंधान पद्धति पाठ्यक्रम	क्षमता निर्माण कार्यक्रम	कुल
1971-1990	119	-	119
1990-2010	235	-	235
2010-2011	10	-	10
2011-2012	17	-	17
2012-2013	108	38	146
2013-2014	53	18	71
2014-2015	55	24	79
2015-2016	79	23	102
2016-2017	36	23	59
2017-2018	29	23	52
2018-2019	47	25	72
2019-2020	47	20	67
2020-2021	09	06	15
2021-2022	31	24	55
कुल	**875**	**224**	**1099**

भा.सा.वि.अ.प. द्वारा आयोजित/वित्त पोषित आरएमसी और सीबीपी पाठ्यक्रमों के बारे में विवरण तालिका 2.10 में दिया गया है।

भविष्य की संभावनाएं

कम दिनों के लिए शोध लेखन, डेटा प्रोसेसिंग और कंप्यूटर अनुप्रयोगों में युवा शोधार्थियों को अत्यधिक केंद्रित प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अल्पकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सामान्य दस–दिवसीय आरएमसी और दो सप्ताह सीबीपी के अलावा संकुचित वित्तीय सहायता को शामिल किया जा रहा है।

अनुसंधान सर्वेक्षण एवं प्रकाशन

अनुसंधान सर्वेक्षण एवं प्रकाशन कार्यक्रम भा.सा.वि.अ.प. की एक अन्य प्रमुख गतिविधि है जिसके माध्यम से यह परिषद् के भीतर और बाहर दोनों जगह उत्पादित महत्वपूर्ण शोध आउटपुट का प्रसार करता है। अपने प्रकाशन कार्यक्रम के तहत, परिषद् (क) भारतीय नागरिकों को उनके डॉक्टरेट शोध, परियोजना/अध्येतावृत्ति रिपोर्ट, मोनोग्राफ और संगोष्ठी/सामाजिक विज्ञान के क्षेत्रों में कार्यशाला पत्रों के प्रकाशन के लिए अनुदान प्रदान करती है और (ख) सामाज वैज्ञानिकों के व्यावसायिक संघ/संगठनों विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और अनुसंधान संस्थानों सहित उनके शोध पत्रिकाओं के प्रकाशन या जारी रखने के लिए। यह रखरखाव और विकासात्मक गतिविधियों के लिए सामाज वैज्ञानिकों के प्रोफेशनल एसोसिएशन/संगठनों को तदर्थ अनुदान भी प्रदान करता है। अब तक, भा.सा.वि.अ.प. ने 1883 पुस्तकें प्रकाशित की हैं, 1075 संघों/संगठनों को उनकी शोध पत्रिकाओं के प्रकाशन के लिए समर्थन दिया है और रखरखाव और विकास गतिविधियों के लिए 396 संघों/संगठनों को तदर्थ अनुदान प्रदान किया है। वर्ष 2021–22 के दौरान आई.सी.एस.एस.आर. अनुदान से 15 डॉक्टरेट शोध प्रबंध एवं शोध प्रतिवेदन प्रकाशित किए गए। इसी तरह, 35 प्रोफेशनल एसोसिएशन/सामाजिक वैज्ञानिकों के संघों को अपनी शोध पत्रिकाओं के प्रकाशन के लिए 32.35 लाख रुपये का भा.सा.वि.अ.प. अनुदान प्राप्त हुआ और 15 संगठनों को उनके रखरखाव और

तालिका 2.11
प्रकाशन और रखरखाव अनुदान लाभार्थी (वर्ष–वार)

वर्ष	डॉक्टरेट थीसिस / अनुसंधान परियोजनाओं / अध्येतावृत्ति रिपोर्ट / सम्मेलन पत्रों आदि के प्रकाशन के लिए दिया गया अनुदान	शोध पत्रिकाओं के प्रकाशन के लिए दिया गया अनुदान	सामाजिक वैज्ञानिकों के पेशेवर संघों को उनके विकास के लिए दिया गया अनुदान
1969 से 31 मार्च 1990 तक	1025	92	229
1990-2010	591	430	70
2010-2011	22	45	05
2011-2012	33	47	07
2012-2013	20	61	13
2013-2014	23	66	11
2014-2015	30	64	08
2015-2016	23	51	08
2016-2017	21	47	08
2017-2018	28	40	03
2018-2019	12	32	05
2019-2020	25	32	07
2020-2021	15	33	07
2021-2022	15	35	15
कुल	**1883**	**1075**	**396**

ढांचागत विकास के लिए 45.80 लाख रुपये की राशि का अनुदान प्राप्त हुआ।

प्रकाशित पुस्तकों, अनुरक्षण एवं विकास के लिए व्यावसायिक संघों/संगठनों को दिए गए अनुदान और शोध पत्रिकाओं के प्रकाशन के लिए अनुदान का विवरण परिशिष्ट 7 और तालिका 2.11 में दिया गया है।

इसके अलावा, अपनी स्थापना के पश्चात से, परिषद् ने 'अनुसंधान सर्वेक्षण' के अपने कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक विज्ञान के चुने हुए विषयों में अनुसंधान विकास का सर्वेक्षण करने का कार्य किया है। सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य एक निर्दिष्ट अवधि के दौरान किए गए अनुसंधान का व्यापक अवलोकन करना है, जिसमें सिद्धांत, कार्यप्रणाली, अनुभवजन्य साक्ष्य और अंतराल के संदर्भ में किसी विशेष सामाजिक विज्ञान विषय या क्षेत्र में क्या हासिल किया गया है, जिन्हें भविष्य के शोधों के लिए प्राथमिकता देने की आवश्यकता है, उसकी स्टॉक–टेकिंग शामिल है। अब तक, भा.सा.वि.अ.प. ने अनुसंधान सर्वेक्षणों के लगभग 70 खंड और 60 अन्य प्रकाशन प्रकाशित किए हैं।

परिषद् ने 2003–2009 की अवधि को कवर करते हुए मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र और सामाजिक नृविज्ञान और अर्थशास्त्र के विषयों में भा.सा.वि.अ.प. अनुसंधान सर्वेक्षण का छठा दौर शुरू किया है और इन शोध सर्वेक्षण रिपोर्टों को मेसर्स ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (ओयूपी), नई दिल्ली के माध्यम से प्रकाशित किया है।

भा.सा.वि.अ.प. अनुसंधान सर्वेक्षण का सातवाँ दौर जल्द ही सामाजिक विज्ञान के विभिन्न विषयों में शुरू हो जाएगा।

राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र (नैसडॉक) (एन.ए.एस.एस.डी.ओ.सी)

भा.सा.वि.अ.प. के एक प्रभाग के रूप में राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र (नैसडॉक) की स्थापना 1970 में की गई थी। यह शैक्षणिक संस्थानों, स्वायत्त अनुसंधान संगठनों, नीति निर्माता निकायों, सरकारी विभागों की योजना और अनुसंधान इकाइयों आदि सहित सामाजिक विज्ञान अनुसंधान समुदाय को पुस्तकालय और सूचना सेवाएं प्रदान करता है। प्रौद्योगिकी संचालित विश्व चुनौतियों का सामना करने के लिए, यह अपने स्वचालित पुस्तकालय संग्रह, वेब–ओपीएसी, ऑनलाइन डेटाबेस/ ई–संसाधन, डिजिटल भंडार, सूचना गेटवे आदि के साथ सूचना को बनाने, लागू करने और उपयोग करने के लिए वेब–आधारित डिजिटल वातावरण का उपयोग करता है। नैसडॉक की प्रमुख गतिविधियों और सेवाओं में पुस्तकालय, संदर्भ और सूचना सेवाएं शामिल हैं। भा.सा.वि.अ.प. के संसाधन अनुसंधान संस्थानों और क्षेत्रीय केंद्रों के लिए ई–संसाधन, लघु ग्रंथ सूची/साहित्य खोज सेवाओं का संकलन; माइक्रोफिल्म और माइक्रोफिश सेवाएं; सतत शिक्षा कार्यक्रम; मूल्य वर्धित सेवाएं जैसे करंट अवेयरनेस सर्विस (CAS); अत्याधुनिक 'डिजिटल रिसोर्सेज लर्निंग सेंटर' (डीआरएलसी) के साथ सामाजिक विज्ञान में ई–संसाधनों तक पहुंचने के लिए राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क इंटरनेट सुविधा है। इसके अलावा, नैसडॉक के पास भा. सा.वि.अ.प. के प्रकाशनों की आपूर्ति करने के लिए एक 'सेल्स और डिस्ट्रीब्यूशन इकाई' है।

पुस्तकालय, संदर्भ और सूचना सेवाएं

नैसडॉक के पास दस्तावेज़ संग्रह (28130) की एक विस्तृत शृंखला है जिसमें संदर्भ स्रोत संग्रह जैसे ग्रंथ सूची, विश्वकोश, निर्देशिका आदि शामिल हैं; डॉक्टरेट थीसिस, अनुसंधान परियोजना रिपोर्ट से युक्त ग्रे कलेक्शन; अनुसंधान पद्धति, अनुसंधान सर्वेक्षण पर एक अनूठा संग्रह; और पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, और कंप्यूटर तथा सूचना प्रौद्योगिकी और पत्रिकाओं के 13,581 साजिल्द संस्करणों सहित सभी सामाजिक विज्ञान विषयों पर एक रणनीतिक संग्रह है। पुस्तकालय सोमवार से शनिवार तक सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक खुला रहता है तथा रविवार और सभी राजपत्रित छुट्टियों के अवसर पर बंद रहता है।

वर्ष 2021–22 के दौरान कुल 2715 शोधार्थियों ने नैसडॉक का दौरा किया। पत्राचार/ई–मेल आदि के माध्यम से बड़ी संख्या में संदर्भ प्रश्नों पर ध्यान दिया गया। नैसडॉक के संग्रह, इसके आंतरिक डेटाबेस, और इलेक्ट्रॉनिक स्रोतों और कई अन्य इंटरनेट–आधारित संसाधनों की खोज से शोधार्थियों को अनुसंधान संबंधी जानकारी प्रदान की गई थी।

पुस्तकालय सदस्यताः भा.सा.वि.अ.प.–नैसडॉक पुस्तकालय की सदस्यता पाठकों की निम्नलिखित श्रेणियों के लिए खुली हैः

आधिकारिक सदस्यः इनमें भा.सा.वि.अ.प. परिषद् के सदस्य/भा.सा.वि.अ.प. सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं नियमित पेशेवर कर्मचारी (अर्थात अनुसंधान सहायक/प्रलेखन सहायक और ऊपर) शामिल हैं। वे पुस्तकालय से किताबें जारी करा सकते हैं।

परामर्श सदस्यः शिक्षाविदों, शोधार्थियों, छात्रों तथा आम जनता के सदस्यों हेतु परामर्श सुविधा प्रदान की जाती है, जिसमें सेवानिवृत्त व्यक्ति तथा पाठकों की अन्य श्रेणियां भी शामिल हैं।

भा.सा.वि.अ.प. लाभार्थी सदस्यः विभिन्न भा.सा.वि.अ.प. कार्यक्रमों और योजनाओं से लाभान्वित होने वाले सभी विद्वानों एवं शोधकर्ताओं को यह सदस्यता दी जाती है।

इशू कराने वाले सदस्यः पुस्तकालय के सदस्यों के रूप में पंजीकृत सामाजिक वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, छात्रों और सामान्य पाठकों के लिए इशू कराने की सुविधा प्रदान की जाती है। 1000/- प्रति पुस्तक की जमा राशि पर पुस्तकें जारी की जाती हैं। एक सदस्य को एक बार में दो पुस्तकें जारी की जा सकती हैं।

संस्थागत सदस्यः संस्थागत सदस्यता भी उपलब्ध है। एक संस्थागत सदस्य द्वारा एक माह की अवधि के लिए पांच पुस्तकें उधार ली जा सकती हैं।

अतिथि पाठकः एक या दो दिन के लिए पुस्तकालय से परामर्श करने के इच्छुक अतिथि पाठकों के लिए कोई शुल्क नहीं है। उन्हें दिन के लिए एक अतिथि कार्ड जारी किया जाता है।

पुस्तकालय सदस्यता फॉर्म हमारी वेबसाइट www.icssr.org के माध्यम से पुस्तकालय काउंटर एवं ऑनलाइन उपलब्ध है। वर्ष 2021–22 के दौरान अतिथि सदस्यों सहित कुल 277 शोधार्थियों ने सदस्यता ली है तथा एक संस्था ने अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कराया है।

दस्तावेजों का वितरण (निर्गम/वापसी): नैसडॉक आमतौर पर उस शोधकर्ता को सेवाएं प्रदान करता है जो अपने डॉक्टोरल/पोस्ट–डॉक्टोरल के लिए काम कर रहा है या एक सम्मेलन पत्र लिख रहा है या कुछ अकादमिक शोध परियोजना पर काम कर रहा है। इस प्रयोजन के लिए, उसे जर्नल लेख, संस्थागत पत्रों सहित ग्रे लिटरेचर , जैसे वर्किंग पेपर, चर्चा पत्र, और प्रासंगिक पत्र आदि की आवश्यकता है। यह एक परामर्श संग्रह है, जिसका उपयोग केवल एक शोधार्थी द्वारा वाचनालय में किया जाना है। हालांकि, ग्रे लिटरेचर के अलावा, कुल 71 दस्तावेजों को उधार लेने वाले सदस्यों के बीच परिचालित किया गया था।

अंतर–पुस्तकालय ऋणः शोधार्थियों/पुस्तकालयों को वे किताबें/पत्रिकाएं उपलब्ध कराने के लिए, जो नैसडॉक में उपलब्ध नहीं हैं, यह आमतौर पर उन्हें अन्य पुस्तकालयों से उधार पर उपलब्ध कराता है। इसी तरह, बाहरी पुस्तकालयों को किताबें और पत्रिकाएं जारी की जाती हैं और वर्ष 2021 के दौरान बाहरी पुस्तकालयों को 23 किताबें जारी की गईं। डेलनेट (विकासशील पुस्तकालय नेटवर्क) का सदस्य होने के नाते, नैसडॉक ने अपनी अंतर–पुस्तकालय ऋण सेवाओं का उपयोग किया।

ई–संसाधनः रीडिंग हॉल में ई–संसाधनों के उपयोग के लिए तीन कंप्यूटर टर्मिनल विशेष रूप से समर्पित हैं। सदस्य पुस्तकालय में ऑनलाइन पत्रिकाओं का भी उल्लेख कर सकते हैं। पुस्तकालय में उपयोग के लिए ग्यारह ऑनलाइन ई–संसाधन (सभी सब्सक्राइब्ड) और अन्य डिजिटल संसाधन उपलब्ध हैं। इन ई–संसाधनों का उपयोग 106 शोधार्थियों ने नैसडॉक परिसर में किया था। इन शोधार्थियों के अलावा, संदर्भ प्रश्नों के उत्तर देने के लिए, ग्रंथ सूची के संकलन के लिए और नैसडॉक की अन्य सेवाएं प्रदान करने के लिए ई–संसाधनों का भी अधिक उपयोग किया गया था।

अनुसंधान सामग्री–पुस्तकें/थीसिस/पत्रिकाएं/ई–संसाधनों का अधिग्रहणः

रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान, नैसडॉक संग्रह में 629 दस्तावेज जोड़े गए हैं। इसमें 150 खरीदी गई पुस्तकें, 429 शोध रिपोर्ट और 50 पुस्तकें प्रिंट प्रारूप में उपहार के रूप में शामिल हैं। वर्ष 2021–22 की अवधि के लिए 35 भारतीय और 42 विदेशी पत्रिकाओं सहित कुल 77 पत्रिकाओं की सदस्यता ली गई थी, 206 पत्रिकाओं को मुफ्त में प्राप्त किया गया था, 14 दैनिक समाचार पत्रों और 13 लोकप्रिय पत्रिकाओं को भी पाठकों के लिए सब्सक्राइब किया गया था। भारत सरकार के मंत्रालयों और विभिन्न संस्थानों और विभागों की वार्षिक रिपोर्ट को भी नैसडॉक के संग्रह में जोड़ा गया। नैसडॉक के लिए निम्नलिखित ई–संसाधनों की सदस्यता ली गईः 1. पूर्ण पाठ के साथ ईकोंलिट (ईबीएससीओ), 2. शिक्षा स्रोत (ईबीएससीओ), 3. इंडियास्टेट (डेटानेट इंडिया), 4. जे–गेट सोशल एंड मैनेजमेंट साइंस, कला और मानविकी (सूचना विज्ञान), 5. जेएसटीओआर (इथाका), 6. लिस्टा पूर्ण पाठ के साथ (पुस्तकालय, सूचना विज्ञान और प्रौद्योगिकी सार) (ईबीएससीओ), 7. राजनीति विज्ञान पूर्ण (ईबीएससीओ), 8. प्रूस आईक्यू (भारतीय अर्थव्यवस्था की निगरानी के लिए केंद्र), 9. साइक आर्टिकल (ईबीएससीओ), 10. पूर्ण पाठ के साथ सोशल इंडेक्स (ईबीएससीओ) (समाजशास्त्र), और 11. डेलनेट (डेवलपिंग लाइब्रेरी नेटवर्क) आदि।

तालिका 2.12

क्र.स.	ई–संसाधन का नाम	साइटों की संख्या (आरआई)
1	पूर्ण पाठ के साथ EconLit (EBSCO)	13
2	इंडिया स्टेट और इसके अन्य सभी सहयोगी साइट (डेटानेट इंडिया)	10
3	जस्टोर (इथाका)	10
4	प्रोवेस आईक्यू	07

भा.सा.वि.अ.प. अनुसंधान संस्थानों (आरआई) के लिए ई–संसाधनः सामाजिक विज्ञान में ज्ञान को आगे बढ़ाने के साथ भा.सा.वि.अ.प. के अनुसंधान संस्थानों और क्षेत्रीय केंद्रों की अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, नैसडॉक ने 2021–22 के दौरान उनके लिए 4 ई–संसाधनों की सदस्यता ली। जिन संस्थानों को स्वतंत्र और मुफ्त पहुँच प्रदान की गई थी, उनकी संख्या की जानकारी नीचे तालिका 2.12 में दी गई है।

लघु ग्रंथ सूची/साहित्य खोज सेवा का संकलनः वर्ष 2021–22 के दौरान, 16 लघु और चुनिंदा सारगर्भित ग्रंथ सूची (नैसडॉक परिशिष्ट 8) संकलित की गई और उनसे प्राप्त मांग के आधार पर शोधार्थियों को आपूर्ति की गई।

विषय ग्रंथ सूचीः 2021–22 के दौरान, विभिन्न विषयों पर 12 ग्रंथ सूची तैयार की गई थी, जिन्हें

नैसडॉक परिशिष्ट में सूचीबद्ध किया गया था। इस अवधि के दौरान अब तक 188 शोधार्थियों ने इन ग्रंथ सूची से परामर्श किया है।

वेब–आधारित कैटलॉग (वेबओपैक) की उपलब्धता: पुस्तकों सहित नैसडॉक पुस्तकालय सेवाओं का संपूर्ण संग्रह, जर्नल, ई–संसाधन, थीसिस, शोध रिपोर्ट, माइक्रोफिल्म, वर्किंग पेपर्स को वेबओपैक के माध्यम से भा.सा.वि.अ.प. वेबसाइट (www.icssr.org/NASSDOC) से 24x7 आधार पर कहीं से भी एक्सेस किया जा सकता है। अब तक 4776 यूजर्स इसे एक्सेस कर चुके हैं।

प्लगीरिज्म जाँच की नई पहल: इस अवधि के दौरान, नैसडॉक ने अकादमिक अखंडता को बनाए रखने के लिए प्लगीरिज्म अर्थात साहित्यिक चोरी के प्रस्तावों, लेखों और शोध रिपोर्टों की जाँच करने का कार्य किया है। उनकी समानता जाँचने के लिए कुल 753 लेखों/शोध रिपोर्टों की जाँच की गई।

डेटा सेवाएं: इस अवधि के दौरान, शोधार्थियों को 2669 डेटासेट प्रदान किए गए थे जो प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे: एम्स, केंद्रीय विश्वविद्यालय, डीम्ड विश्वविद्यालय और राज्य विश्वविद्यालय, आईआईटी, सरकारी निकायों, आईसीएआई, एनआईटी आदि; घरेलू पर्यटन; आर्थिक जनगणना; शिक्षा; रोजगार और बेरोजगारी; उद्यम; स्वास्थ्य देखभाल; घरेलू उपभोक्ता व्यय; आवास की स्थिति; जनजातीय अध्ययन; ग्रामीण अध्ययन; शहरी स्लम अध्ययन; असंगठित क्षेत्र; व्यापार और समय सर्वेक्षण; साक्षरता और संस्कृति अध्ययन; उद्योग अध्ययन आदि शामिल हैं।

माइक्रोफिल्म एवं माइक्रोफिच सेवाएं: नैसडॉक के पास माइक्रोफिल्म रीडर सुविधा के साथ माइक्रोफिल्म और माइक्रोफिश का अच्छा संग्रह (लगभग 3500) है और इस अवधि के दौरान 32 शोधार्थियों ने इस सेवा का लाभ उठाया है।

सतत शिक्षा कार्यक्रम: नवीनतम विकास के साथ संपर्क में रहने और सामाजिक विज्ञान की जानकारी तक पहुँचने में विशेष कौशल विकसित करने के लिए, नैसडॉक नियमित आधार पर इस कार्यक्रम के तहत अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यशालाओं/सेमिनारों/इंटरैक्टिव सत्रों और व्याख्यानों का आयोजन करता है। इस अवधि के दौरान, ऑनलाइन संसाधनों के उपयोग पर शैक्षणिक समुदाय के लिए आठ (8) प्रशिक्षण/अभिविन्यास सत्र आयोजित किए गए जैसे: (क) जे–गेट; (ख) कौशल बुद्धि; (ग) इंडियास्टेट; (घ) जेएसटीओआर; (ड) एब्सकोहोस्ट इकोनलिट, राजनीति विज्ञान पूर्ण, सामाजिक–सूचकांक, शिक्षा स्रोत और मानसिक लेख सहित; (च) नैसडॉक रिमोटएक्स: एक ऑनलाइन डिजिटल संसाधन एक्सेस पोर्टल। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने इस अवधि के दौरान 260 से अधिक वास्तविक पुस्तकालय शोधार्थियों को लाभान्वित किया।

मूल्य वर्धित सेवाएं: "नैसडॉक अनुसंधान सूचना श्रृंखला" के तहत नियमित आवधिक अंतराल पर विभिन्न प्रकाशनों को प्रकाशित करके वर्तमान जागरूकता सेवा (सी.ए.एस) प्रदान की जाती है। वर्ष 2021–22 के दौरान, न्यू अराइवल्स के 12 अंक, सारांश के साथ नए जोड़े की सूची और वर्तमान सामग्री के 12 अंक और समाचार पत्र कटिंग सेवाओं के 180 अंक विषयवार सूचकांक के साथ प्रकाशित किए गए।

2021–22 के लिए व्यावसायिक निकायों की सदस्यता: व्यावसायिक कौशल विकास और नेटवर्किंग के तहत, नैसडॉक व्यावसायिक निकायों और नेटवर्क के लिए नियमित रूप से वार्षिक सदस्यता प्राप्त कर रहा है,

तालिका 2.12

नैसडॉक की गतिविधियों, सदस्यों, सेवाओं आदि की जानकारी (इसकी स्थापना के बाद से)

विवरण	कुल
सदस्यों की संख्या	3522
ई–संसाधनों की सदस्यता	243
अनुसंधान सामग्री का अधिग्रहण: पुस्तकें/थीसिस/पत्रिकाएं	124347
लघु ग्रंथ सूची/साहित्य खोज सेवाओं आदि का संकलन	7554
आगंतुकों की संख्या	222159
नैसडॉक् द्वारा आयोजित/वित्त पोषित कार्यशाला/प्रशिक्षण कार्यक्रम	137
कोई अन्य जानकारी (शिक्षा यात्रा आगंतुक)	572

और 2021–22 के लिए, सदस्यता DELNET के लिए नवीनीकृत की गई थी। इस प्रकार की सदस्यता नैसडॉक को उनकी विभिन्न सेवाओं जैसे इंटर लाइब्रेरी ऋण सुविधा और ऑनलाइन डेटाबेस तक पहुंच आदि के लिए आवश्यक है।

वर्ष 2021–22 के दौरान नैसडॉक द्वारा किया गया कुल व्यय 1,45,87,000 रु. था।

3
अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को बढ़ावा देना भा.सा.वि.अ.प. द्वारा अपनाए जाने वाले प्रमुख दृष्टिकोणों में से एक है। इस कार्यक्रम के तहत, परिषद् भारतीय एवं विदेशी विद्वानों को अनुसंधान, शिक्षण एवं भारत तथा विदेशों में सामाजिक विज्ञान में योगदान करने का अवसर प्रदान करती है। कार्यक्रम के तहत भा.सा.वि.अ.प. अनेक महत्वपूर्ण गतिविधियों को संचालित करती है जिसमें विदेशी वित्त पोषण परिषदों और सामाजिक विज्ञान संगठनों के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग शामिल हैं। भारतीय विद्वानों को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में पेपर प्रस्तुत करने और विदेशों में डेटा संग्रह आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना भी इस कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल है। भा.सा.वि.अ.प. ने विदेशों में अपने समकक्षों के साथ मजबूत द्विपक्षीय सामाजिक विज्ञान सहयोगात्मक समझौते किए हैं। इसके अलावा, परिषद् अन्य देशों के साथ भारत सरकार के 'सांस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रम' और 'शैक्षिक आदान–प्रदान कार्यक्रम' की कार्यान्वयन एजेंसियों में से एक है।

हमारा महत्वपूर्ण कार्य देश में अभिनव, अंतः विषय/बहुविषयक एवं नीति प्रासंगिक सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को बढ़ावा एवं निधि प्रदान करना है और इस प्रकार, भारत में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को आकार देने व मजबूत करने के तरीके का नेतृत्व करना है जिसमें समान परिषदों के साथ सहयोगी अनुसंधान करना भी शामिल है। इस दृष्टि से अनुसंधान में व्यापक, चुनौतीपूर्ण और अभिनव प्रशिक्षण के माध्यम से सामाजिक वैज्ञानिकों की क्षमता का पोषण, प्रशिक्षण और निर्माण करना है।

सामाजिक विज्ञान प्रासंगिकता के महत्वपूर्ण मुद्दों पर संवाद एवं चर्चा को प्रोत्साहित करने के प्रयास में भा.सा.वि.अ.प. भारत में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन/सेमिनार आयोजित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। भा.सा.वि.अ.प. की 'सेमिनार अनुदान योजना' का उद्देश्य सामाजिक विज्ञान के साथ–साथ अंतःविषय क्षेत्रों में अनुसंधान की सुविधा प्रदान करना है।

भा.सा.वि.अ.प. का अंतर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में भारतीय और विदेशी दोनों विद्वानों को बातचीत और शोध करने का अवसर प्रदान करता है। इसके साथ ही भारतीय सामाजिक वैज्ञानिकों को भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिन्हें विदेशों में सेमिनारों/सम्मेलनों में पेपर प्रस्तुत करने एवं योगदान करने के लिए आमंत्रित किया गया है। भा.सा.वि.अ.प. उन सामाजिक वैज्ञानिकों को वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है, जिनकी अपने शोध कार्य के संबंध में डेटा संग्रह या परामर्श अभिलेखीय सामग्री के उद्देश्य से विदेश जाने की योजना है।

भा.सा.वि.अ.प. पिछले कुछ वर्षों में भारत में एक प्रमुख सामाजिक विज्ञान अनुसंधान संगठन के रूप में उभरा है, जिसकी अत्यधिक दृश्यमान अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति है। भारत और दुनिया के अन्य देशों के सामाजिक वैज्ञानिकों के बीच अकादमिक संबंधों को बढ़ावा देने से संबंधित गतिविधियां अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्रभाग का प्रमुख कार्य रहा है। परिषद् की ओर से यह प्रभाग कई देशों और संगठनों के साथ सहयोग और संयुक्त अनुसंधान के कार्यक्रमों का नेतृत्व करता है।

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम

भा.सा.वि.अ.प. जैसे विभिन्न देशों के मौजूदा कार्यक्रमों के साथ अपना सहयोग जारी रखे हुए है इनमें राष्ट्रीय अनुसंधान परिषद् (एनआरसीटी) थाईलैंड; वियतनाम सामाजिक विज्ञान अकादमी (वीएएसएस), वियतनाम; नेशनल साइंस फाउंडेशन (एनएसएफ़), श्रीलंका; आर्थिक और सामाजिक अनुसंधान परिषद् (ईएसआरसी), यूके; नीदरलैंड वैज्ञानिक संगठन (एनडब्लूओ), नीदरलैंड; जर्मन रिसर्च फाउंडेशन (डीएफजी), जर्मनी; कोरियाई सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (केओएसएसआरईसी), कोरिया गणराज्य; स्विस

नेशनल साइंस फाउंडेशन (एसएनएसएफ), स्विट्जरलैंड; विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमओएसटी), ताइपे, ताइवान; जापान सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस (जेएसपीएस), जापान; मानविकी और सामाजिक विज्ञान राष्ट्रीय संस्थान (एनआईएचएसएस), दक्षिण अफ्रीका; फिलीपीन सामाजिक विज्ञान परिषद् (पीएसएससी), फिलीपींस; ब्रिटिश काउंसिल (बीसी), यूके; यूरोपीय आयोग (ईसी), ओरिएंटल स्टडीज संस्थान (आईओएस), रूसी विज्ञान अकादमी, मास्को; स्वीडिश रिसर्च काउंसिल फॉर हेल्थ, वर्किंग लाइफ एंड वेलफेयर (एफ़ओआरटीइ), स्वीडन; बोस्निया और हर्जेगोविना की विज्ञान और कला अकादमी आदि शामिल हैं। भा.सा.वि.अ.प. का सामाजिक विज्ञान और मानविकी (ईक्यूयू आईपी) पर ईयू–इंडिया प्लेटफॉर्म के साथ बहुपक्षीय सहयोग है।

इसके अलावा, भा.सा.वि.अ.प. अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान संगठनों जैसे अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद् (आईएससी), एशिया विज्ञान परिषद (एससीए), लैटिन अमेरिकी सामाजिक विज्ञान परिषद (सीएलएसीएसओ), और एशियाई सामाजिक विज्ञान अनुसंधान संघ (एएएसआरईसी) की गतिविधियों में भाग लेता रहा है। भा.सा.वि.अ.प. यूनेस्को (आईएनसीसीयू) के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग के तहत शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित सामाजिक विज्ञान पर उप–आयोग की नोडल एजेंसी भी है।

अंतर्विषयक एवं ट्रांसडिसिप्लिनरी सहयोग के माध्यम से भा.सा.वि.अ.प. को व्यापक–आधार

भारत में, वैज्ञानिक, चिकित्सा और कृषि परिषदें हैं, जिनमें भी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग सम्मिलित हैं। भा.सा.वि.अ.प. ऐसे कार्यक्रम विकसित कर रहा है जो डीएसटी, आईसीएमआर, डीबीटी, आईसीएआर आदि जैसे अनुसंधान संगठनों के साथ द्विपक्षीय या बहुपक्षीय समझौतों के माध्यम से समाज और विज्ञान के बीच मजबूत और गहरा इंटरफेस होगा। इसके अलावा, भा.सा.वि.अ.प., आईआईएम, आईआईटी और एनआईटी के साथ संयुक्त कार्यशालाओं और संगोष्ठियों के लिए सहयोग करने की योजना बना रहा है। इसी तरह, भा.सा.वि.अ.प. देश के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों (एनएलयू) के साथ सहयोगात्मक व्यवस्था करने की योजना बना रहा है। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम के तहत नए कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से भा.सा.वि.अ.प. एक मजबूत अभिनव भूमिका पेश करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

द्विपक्षीय सहयोग कार्यक्रम

भा.सा.वि.अ.प. ने विद्वानों के आदान–प्रदान, संयुक्त संगोष्ठियों, संयुक्त परियोजनाओं, संयुक्त प्रकाशनों, पुस्तकों और पत्रिकाओं के आदान–प्रदान आदि जैसी गतिविधियों को लागू करने के लिए कई देशों के समानांतर संगठनों के साथ 'द्विपक्षीय सहयोगात्मक कार्यक्रमों' पर हस्ताक्षर किए हैं। परिषद् की अपनी "विजिट ऑफ डिस्टींग्यूइशड स्कोलर्स" स्कीम के तहत विदेशी प्रतिष्ठित विद्वानों को भारत में आमंत्रित करने की योजना है। इस वर्ष, भा.सा.वि.अ.प. ने इंस्टीट्यूट ऑफ ओरिएंटल स्टडीज (आईओएस), रूसी विज्ञान अकादमी, मास्को, रूस के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो शुरू में 10 जून, 2021 से तीन साल की अवधि के लिए शुरू हुआ और उसके बाद यह स्वचालित रूप से तीन साल की एक और अवधि के लिए बढ़ा दिया जाएगा, जब तक कि कोई भी पक्ष बंद करने की अपनी इच्छा व्यक्त नहीं करता है।

रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान, भा.सा.वि.अ.प. के 'द्विपक्षीय सहयोग कार्यक्रम' के तहत निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की गईः

भा.सा.वि.अ.प.–विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमओएसटी), ताइपे, ताइवान–संयुक्त अनुसंधान परियोजना

भा.सा.वि.अ.प. का सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमओएसटी), ताइपेई, ताइवान के साथ एक द्विपक्षीय कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के तहत गतिविधियां द्विपक्षीय संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं, विद्वानों का आदान–प्रदान, संयुक्त कार्यशालाएं हैं। भा.सा.वि.अ.प. एवं विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमओएसटी), ताइवान ने अनुसंधान प्रस्तावों के लिए संयुक्त आह्वान दिया। संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं की अवधि दो वर्ष थी इसके तहत भा.सा.वि.अ.प. द्वारा वित्त पोषण के लिए चार परियोजनाओं का चयन किया गया था। प्रति प्रस्ताव 12 लाख रूपए तक का अनुदान प्रदान किया गया। प्रदान की गई चार संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं तालिका 3.1 में दी गई हैंः

तालिका 3.1

भा.सा.वि.अ.प.–संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएँ

क्र. स.	भारतीय प्रधान इनवेस्टीगेटर	ताइवानी प्रधान इनवेस्टीगेटर	संयुक्त अनुसंधान परियोजना का शीर्षक
1.	डॉ बिराज कांति मंडल सहायक प्रोफेसर भूगोल विभाग, नेताजी सुभाष मुक्त विश्वविद्यालय, कोलकाता, पश्चिम बंगाल	प्रो. मिंग–एन ली पर्यावरण जीव विज्ञान मत्स्य विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय ताइवान ओसियन विश्वविद्यालय, ताइवान	कम्पेरेटिव अस्सेस्मेंट ऑफ़ द इम्पैक्ट ऑफ़ क्लाइमेट चेंज ऑन द कोस्टल एरियाज ऑफ़ इंडिया एंड ताइवान यूजिग जिओसपेशिअल टेक्नोलॉजी
2.	डॉ. दीपिका चिलकुरी सहायक प्रोफेसर फार्मास्युटिकल मैनेजमेंट विभाग, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, हैदराबाद, तेलंगाना	डॉ शिह–सीन चेन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ऑफ टेक्नोलॉजी, नेशनल यांग मिंग चिआओतुंग यूनिवर्सिटी, सीन चू, ताइवान	बिल्डिंग इनोवेशन इकोसिस्टम्सः लेसन फ्रॉम अ कम्पेरेटिव स्टडी ऑन फार्मास्यूटिकल एंड मेडिकल डीवायेसेज इंडस्ट्रीज ऑफ़ इंडिया एंड ताइवान
3.	डॉ पुष्कर सोहोनी एसोसिएट प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर), पाशन, पुणे	डॉ. कु–मिंग (केविन) चांग एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास और भाषाशास्त्र संस्थान, अकादमिक सिनिका, ताइपे शहर, ताइवान	फ्रॉम द मेट्रोपोली टू द कॉलोनीजः अ कम्पेरेटिव स्टडी ऑफ़ द सेंटर–पेरीफेरी नेटवर्क्स ऑफ़ साइंस एंड हायर एजुकेशन इन इंडिया एंड ताइवान
4.	डॉ हसन राजा नकवी सहायक प्रोफेसर भूगोल विभाग, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली	डॉ जूनियर–चुआन हुआंग प्रोफेसर, भूगोल विभाग, राष्ट्रीय ताइवान विश्वविद्यालय, ताइपेई, ताइवान	असेसमेंट ऑफ़ सेडीमेंट लोस्स, एन–साइकिलिंग, वाटर एंड सॉयल क्वॉलिटी एंड देयर इम्पैक्टस ऑन लाइवलीहुड ऑफ़ फार्मर्स इन स्माल वाटरशेड ऑफ़ सिक्किम हिमालय

भा.सा.वि.अ.प.–राष्ट्रीय मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान (एनआईएचएसएस), दक्षिण अफ्रीका–संयुक्त अनुसंधान परियोजना

भा.सा.वि.अ.प. एवं राष्ट्रीय मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान (एनआईएचएसएस), दक्षिण अफ्रीका ने अनुसंधान प्रस्तावों के लिए 'संयुक्त आह्वान' किया है। जेआरपी की अवधि दो वर्ष है और पांच परियोजनाओं को भा.सा.वि.अ.प. द्वारा वित्त पोषित किया गया था। इस आह्वान के तहत प्रति प्रस्ताव 14 लाख रूपए तक का अनुदान दिया गया। इसी तरह, पांच संयुक्त परियोजनाओं को एनआईएचएसएस पक्ष द्वारा वित्त पोषित किया गया था। प्रत्येक पक्ष द्वारा प्रदान की गई पांच संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं तालिका 3.2–3.3 में दी गई हैंः

ओरिएंटल स्टडीज संस्थान, रूसी विज्ञान अकादमी (आरएएस), मास्को

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् और ओरिएंटल स्टडीज संस्थान, रूसी विज्ञान अकादमी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर 10 जून 2021 को आभासी माध्यम से हस्ताक्षर किए गए। हस्ताक्षर समारोह मॉस्को में भारत के दूतावास में आयोजित किया गया और श्री डी.बी. वेंकटेश (रूस में भारत के राजदूत), आर.ए.एस. और भा.सा.वि.अ.प. के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

20वीं एशिया विज्ञान परिषद् (एससीए) सम्मेलन

20वीं एशिया विज्ञान परिषद् (एससीए) सम्मेलनः "नए युग की शुरुआत सामग्रीः सतत समाज के लिए नवाचार",

तालिका 3.2

भा.सा.वि.अ.पा. द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाली अनुसंधान परियोजनाएँ

क्र. स.	भारतीय प्रधान इनवेस्टीगेटर	दक्षिण अफ्रीकी इनवेस्टीगेटर	परियोजना का शीर्षक
1.	डॉ प्रदीप कुमार मिश्रा प्रोफेसर शिक्षा विभाग, एनआईईपीए, श्री अरबिंदो मार्ग, नई दिल्ली	डॉ. नोकुलुंगा सीताबिले एनडलोवु व्याख्याता शैक्षिक सूचना और इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी, डब्ल्यूआईटीएस स्कूल ऑफ एजुकेशन, यूनिवर्सिटी ऑफ विटवाटरसैंड, जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका	टेक्नोलॉजी टू प्रोमोट इक्विटी, एक्सेस एंड क्वालिटी इन हायर एजुकेशनः पॉलिसीस एंड प्रैक्टिसेज फ्रॉम साउथ अफ्रीका एंड इंडिया
2.	डॉ. संदीप कौर एसोसिएट प्रोफेसर और हेड, डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक स्टडीज, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ पंजाब, बठिंडा, वीपीओ, घुड्डा, पंजाब	प्रो. मम्मो मुची उद्यमिता में नवाचार पर डीआईआईपीआर के अनुसंधान निदेशक, अलबोर्ग विश्वविद्यालय, प्रबंधन विज्ञान, तशवाने प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, प्रिटोरिया, गौतेंग, दक्षिण अफ्रीका	वीमेन, सोशल इनोवेशन एंड एंट्रेप्रेन्योरशिपः पॉसिबल लेसंस फ्रॉम इंडिया एंड साउथ अफ्रीका
3.	डॉ. अंजलि राडकर प्रोफेसर गोखले इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड इकोनॉमिक्स, बीएमसीसी रोड, डेक्कन जिमखाना, पुणे, महाराष्ट्र	डॉ. हेमा केसा, निदेशक खाद्य विकास अनुसंधान प्रयोगशाला, पर्यटन और आतिथ्य स्कूल, जोहान्सबर्ग विश्वविद्यालय, दक्षिण अफ्रीका	लाइवलीहुड ट्रांजीशन, पावर्टी एंड चाइल्ड केयर ट्रांजीशन एंड इट्स इफ़ेक्ट ऑन चाइल्ड अंडर नुट्रिशन इन द ट्राइबल रीजयन्स ऑफ़ इंडिया एंड साउथ अफ्रीका
4.	डॉ. प्रताप चंद्र मोहंती सहायक प्रोफेसर, विभाग, मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग, आई.आई.टी. रुड़की, रुड़की, उत्तराखंड	डॉ. थांडो विलाकाज़ी वरिष्ठ व्याख्याता और केंद्र निदेशक सेंटर फॉर कॉम्पिटिशन, रेगुलेशन एंड इकोनॉमिक डेवलपमेंट, यूनिवर्सिटी ऑफ़ जोहान्सबर्ग कॉर्नर किंग्सवे और यूनिवर्सिटी एवेन्यू एपीके कैंपस, ऑकलैंड पार्क	कम्पेरेटिव इम्पैक्ट असेसमेंट ऑफ़ कोविड 19 ऑन लाइववलीहुड्स, एम्प्लॉयमेंट चैलेंजेज एंड ओप्पोरचुनिटीजः अ केस स्टडी ऑफ़ सिलेक्टेड इंडियन एंड साउथ अफ्रीकन 'गिग इकॉनमी' इंडस्ट्रीज
5.	डॉ. नीलम रानी एसोसिएट प्रोफेसर फाइनेंस एंड कंट्रोल इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट शिलांग, मावपत, मेघालय	डॉ. विल्फ्रेड इसिओमा उकपेरे प्रोफेसर आईपीपीएम, स्कूल ऑफ मैनेजम. ेंट, डी–रिंग 454, डिपार्टमेंट ऑफ इंडस्ट्रियल साइकोलॉजी एंड पीपल मैनेजमेंट, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, कॉलेज ऑफ बिजनेस एंड इकोनॉमिक्स, यूनिवर्सिटी ऑफ जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका	क्रॉस–बॉर्डर बिज़नेस अलायन्सेज बिटवीन इंडियन एंड साउथ अफ्रीकन फर्म्सः इन्वेस्टमेंट, ट्रेड, ह्यूमन रिसोर्स एंड पालिसी इम्प्लीकेशंस इन क्रॉस कल्चरल कॉन्टेक्स्ट

विषय पर गुआंगज़ौ, ग्वांगडोंग, चीन में 13–15 मई, 2021 तक हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया था। सदस्य सचिव ने वस्तुतः एससीए में भाग लेकर सम्मेलन में एससीए बोर्ड बैठक, एससीए महासभा और समापन समारोह में एक प्रस्तुति दी। सदस्य सचिव, नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष एससीए ने समापन समारोह में घोषणा की कि 21वां एससीए सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा और एससीए के सदस्यों की भागीदारी के लिए ने गर्मजोशी से स्वागत किया। एक सफल निष्कर्ष पर पहुंचते हुए एससीए 2021 द्वारा सावधानीपूर्वक तैयार की गई नई 'डेक्लेरेशन फार द ऐज ऑफ न्यू मटिरियल्स' की घोषणा की गयी।

तालिका 3.3

एन.आई.एच.एस.एस. द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाली अनुसंधान परियोजनाएँ

क्र. स.	दक्षिण अफ्रीकी प्रधान इनवेस्टीगेटर	भारतीय प्रधान इनवेस्टीगेटर	शीर्षक
1.	डॉ. एल्मेरी स्लेबर्ट, निदेशक आर्थिक वातावरण और समाज में पर्यटन अनुसंधान, आर्थिक और प्रबंधन विज्ञान संकाय, नॉर्थवेस्ट विश्वविद्यालय पोचेफ्टरूम परिसर होफ्फ़मैंनस्ट्रीट परिसर, आर्थिक और प्रबंधन, विज्ञान (E3), पोचेफ्टरूम 2520	डॉ. निमित रंजन चौधरी प्रोफेसर पर्यटन और आतिथ्य विभाग मानविकी और भाषा प्रबंधन संकाय, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली	मॉडलिंग पोस्ट कोविड 19 पेन्डेमिक डोमेस्टिक एंड बाइले. टरल इंटरनेशनल टूरिज्म डिमांड एंड सप्लाईः टुवर्ड्स रिससिएटिंग इंडियन एंड साउथ अफ्रीकन टूरिज्म
2.	डॉ. ब्रिजमोहन (बृज) महाराज सीनियर प्रोफेसर (भूगोल) क्वाजुलु–नटाल विश्वविद्यालय, कृषि पृथ्वी और पर्यावरण विज्ञान स्कूल, कृषि कॉलेज, इंजीनियरिंग और विज्ञान, कैंपस डरबन, दक्षिण अफ्रीका	डॉ. आशुतोष कुमार एसोसिएट प्रोफेसर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी, उत्तर प्रदेश	अक्रॉस द काला पानीः मेरीटाइम नेटवर्क्स एंड इंडियन–साउथ अफ्रीकन कनेक्शंस
3.	डॉ. लिंडा थेरॉन प्रोफेसर, शैक्षिक मनोविज्ञान विभाग, शिक्षा संकाय, प्रिटोरिया विश्वविद्यालय, दक्षिण अफ्रीका	डॉ. अन्नालक्ष्मी नारायणन प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, भारथिअर विश्वविद्यालय, कोयंबटूर, तमिलनाडु	द मल्टीसिस्टेमिक सोर्सेज ऑफ़ ह्यूमन रेसिलिएन्स टू कोविड 19 रिलेटेड स्ट्रेसः लर्निंग फ्रॉम इमर्जिंग एडल्ट्स इन इंडिया एंड साउथ अफ्रीका
4.	डॉ. एलिजा मेलिसा गोवेंडर एसोसिएट प्रोफेसर सेंटर फॉर कम्युनिकेशन, मीडिया एंड सोसाइटी (सीसीएमएस) यूनिवर्सिटी ऑफ क्वाजुलु–नेटल 19 मालबोरो क्रिसेंट, एथलोन, डरबन नॉर्थ, साउथ अफ्रीका	डॉ. रवींद्र कुमार वेमुला प्रोफेसर और हेड डिपार्टमेंट ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, इंग्लिश एंड फॉरेन लैंग्वेजेज विश्वविद्यालय, उमशिंग मावकिनरोह, शिलांग, मेघालय	हेल्थ कम्युनिकेशन एंड पेंडेमिक्स : द नीड फॉर कम्युनिटी इंगेजमेंट फॉर लोकलाएज़्ड रेस्पॉन्सेज
5.	डॉ. मर्सी त्शिलिद्ज़ी माशाम्बा मनोविज्ञान विभाग, वेंडा विश्वविद्यालय, निजी बैग X5050, थोहोयंडौ, 0950, लिम्पोपो प्रांत, दक्षिण अफ्रीका	डॉ. शंकर आर. वरिष्ठ एसोसिएट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, अन्नामलाई विश्वविद्यालय, अन्नामलाई नगर, तमिलनाडु	साइको–सोशल एक्सपेरिएंसेस ऑफ़ एडल्ट्स इन रूरल कम्युनिटीज ड्यूरिंग द कोरोना वायरस आउटब्रेक

भारतीय सांस्कृतिक केंद्र और भारतीय दूतावास, सियोल द्वारा आयोजित ऑनलाइन कार्यशाला

भारतीय सांस्कृतिक केंद्र और भारतीय दूतावास, सियोल ने 1–14 सितंबर, 2021 से 'भारत–रिपब्लिक ऑफ कोरिया स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप के पहलुओं' पर 10 दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया। विभिन्न प्रतिष्ठित भारतीय और कोरियाई संगठनों के सहयोग से 'साझेदारी' की। इस कार्यशाला के लिए भा.सा.वि.अ.प. को संस्थागत भागीदार के रूप में आमंत्रित किया गया है। भारत और कोरिया गणराज्य के विश्व स्तर पर प्रसिद्ध विशेषज्ञों ने दोनों देशों के बीच विशेष साझेदारी के राजनीतिक और रणनीतिक, वाणिज्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक तत्वों से संबंधित विभिन्न

विषयों पर चर्चा की। सदस्य सचिव, भा.सा.वि.अ.प. ने वर्चुअल मोड के माध्यम से 6 सितंबर, 2021 को "भारत के बदलते सामाजिक–आर्थिक परिदृश्य" विषय पर अपना भाषण दिया। जबकि कोरियाई पक्ष का प्रतिनिधित्व कोरियाई सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (केओएसएसआरईसी) के अध्यक्ष प्रोफेसर जंग–सिक किम ने किया।

सामाजिक विज्ञान और कोविड–19 महामारी पर संगोष्ठी–यूनेस्को की अंतर सरकारी समिति ब्यूरो की फ्रांसीसी प्रेसीडेंसी द्वारा आयोजित ज्ञान और कार्रवाई हेतु प्रस्ताव–सामाजिक परिवर्तन प्रबंधन (एमओएसटी)

यूनेस्को की अंतर सरकारी समिति ब्यूरो की फ्रांसीसी प्रेसीडेंसी–सामाजिक प्रबंधन ट्रांसफॉर्मेशन (एमओएसटी) ने महामारी पर व्यापक सामाजिक विज्ञान परिप्रेक्ष्य का पता लगाने के लिए सामाजिक विज्ञान और कोविड–19 महामारी–ज्ञान की स्थिति और कार्रवाई के प्रस्ताव पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। यूनेस्को ने भा.सा.वि.अ.प. से मूल अध्ययन का प्रतिनिधित्व करने वाले सार प्रस्तुत करने का अनुरोध किया है। यूनेस्को के सबसे विशेष कार्यक्रम की वैज्ञानिक समिति ने 21–22 अक्टूबर 2021 को पेरिस, फ्रांस में वीडियोकांफ्रेंसिंग द्वारा आयोजित की गई बोलचाल की कार्यवाही में प्रस्तुति के लिए निम्नलिखित दो सार और प्रकाशन के लिए एक सार का चयन करके भा.सा.वि.अ.प. के प्रतिनिधित्व को स्वीकार कर लिया है :

- रिस्क परसेप्शन, फियर, सोशल डिस्टेन्सिंग, मास्क एंड ट्रीटमेंट परेफरेंस रिगार्डिंग कोविड–19 इन इंडिया एंड द यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ़ अमेरिका, डॉ. वरुण दत्त, आई. आई. टी., मंडी (प्रस्तुतीकरण)।
- द इम्पैक्ट ऑफ़ पुश–पुल फैक्टर्स ऑन द सोसिओ–इकोनॉमिक्स स्टेटस ऑफ़ माइग्रेंट वर्कर्स इन द नव–लिबरल ग्लोबल इकॉनमी ड्यूरिंग द कोविड 19 पीरियडः अ केस स्टडी फ्रॉम पौड़ी गढ़वाल डिस्ट्रिक्ट, प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी, एच. एन. बी. गढ़वाल यूनिवर्सिटी, श्रीनगर (प्रस्तुतीकरण)
- द पोलिटिकल इकोलॉजी ऑफ़ कोविड 19 क्राइसिस एंड रिस्पांस अमंग द कोलिस ऑफ़ मुंबई, प्रो. डी. पार्थसारथी, आई. आई. टी., मुंबई (प्रकाशन)।

एशियाई सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद संघ (एएएसएसआरईसी) द्विवार्षिक सामान्य सम्मेलन

24वां एशियाई सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् संघ (एएएसएसआरईसी) द्विवार्षिक सामान्य सम्मेलन "कोविड–19 के साथ और उसके बाद भविष्य को नेविगेट करनाः एशिया में सामाजिक विज्ञान की भूमिका" विषय पर वर्चुअल मोड के माध्यम से 26–28 अक्टूबर 2021 तक कैनबरा, ऑस्ट्रेलिया में सम्मेलन आयोजित किया गया था। एशियाई सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् संघ ने भा.सा.वि.अ.प. से एशियाई सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् संघ सम्मेलन के लिए पेपर प्रस्तुतकर्ताओं को नामित करने का अनुरोध किया था। भा.सा.वि.अ.प. ने सम्मेलन में प्रस्तुति एवं प्रतिनिधित्व करने के लिए निम्नलिखित दो विद्वानों को चुना और नामित कियाः

- 'डेटर्मिनेन्ट्स ऑफ़ डिप्रेसिव सिम्पटम्स अमंग ओल्डर पीपल इन टाइम्स ऑफ़ कोविड पेंडेमिक'. प्रस्तुतकर्ता : डॉ. कौस्तुभ काँति रे, के. आई. आई. टी. यूनिवर्सिटी, भुबनेश्वर।
- 'रोल ऑफ़ रिलीजियस इंस्टीटूशन्स एंड लीडर्स ड्यूरिंग पेन्डेमिक – इम्प्लिकेशन्स ऑन टेक्नोलॉजीः प्रोसेस एंड पीपल ड्यूरिंग फाइट अगेंस्ट कोविड 19'. प्रस्तुतकर्त्ताः डॉ. एच. एस. अशोक, विजिटिंग फैकल्टी, सेण्टर फॉर एजुकेशनल एंड सोशल स्टडीज, बैंगलोर यूनिवर्सिटी, बैंगलोर।

एस20+एसएसएच20 अकादमिक शिखर सम्मेलन

सदस्य सचिव ने वस्तुतः एस20+एसएसएच20 अकादमिक शिखर सम्मेलन में भाग लिया, जो रोम, इटली के एकेडेमिया के राष्ट्रपति और उपाध्यक्ष के निमंत्रण पर 22–23 सितंबर 2021 को रोम में आयोजित किया गया था। सदस्य सचिव ने अन्य अकादमियों के प्रमुखों के साथ एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी। उन्होंने अपनी प्रस्तुति में, यह रेखांकित किया कि सामाजिक विज्ञान और मानविकी (एसएसएच) अनुसंधान समाज में एक मौलिक भूमिका निभाते हैं और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि सरकारों और नीति निर्माताओं के लिए शिक्षाविदों की सिफारिशें विज्ञान और प्रौद्योगिकी तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि एसएसएच विषयों में ऐसे क्षेत्रों को भी शामिल करना चाहिए, जो सतत

विकास से संबंधित मुद्दों से निपटने में मौलिक हैं और वैश्विक अनुसंधान परिदृश्य में योगदान करते हैं। सरकार की अधिकांश नीति सामाजिक वैज्ञानिकों से प्रभावित होती है। नीति निर्माण में इनकी अहम भूमिका होती है। उन्होंने भाग लेने वाली सभी अकादमियों द्वारा समर्थित और हस्ताक्षरित एस20 और एसएसएच20 संयुक्त वक्तव्यों को साझा किया।

यूनेस्को की 75वीं वर्षगांठ

यूनेस्को की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर, शिक्षा मंत्रालय ने भा.सा.वि.अ.प. को वीडियो की स्क्रिप्ट के रूप में (केवल 3–4 पंक्तियों में) इनपुट प्रदान करने के लिए ठोस उदाहरणों के साथ कहा है कि यूनेस्को में भारत की सदस्यता का राष्ट्रीय स्तर पर लोगों पर क्या प्रभाव पड़ा है। भा.सा.वि.अ.प. ने अपने इनपुट भेजे और इस बात पर बल दिया कि वसुधैव कुटुम्बकम वैश्विक नागरिकता के पहले अग्रदूतों में से था, जैसा कि आज समझा जाता है, यह अवधारणा कि सभी व्यक्ति सामूहिक रूप से एक–दूसरे के प्रति जिम्मेदार हैं और उनके भविष्य साझा हैं। भारत सबसे प्राचीन और गौरवशाली सभ्यताओं में से एक होने के नाते निस्संदेह संस्कृतियों और सभ्यताओं के बीच यूनेस्को के संवाद का आधार बना है।

भारत–ताईवान सामाजिक विज्ञान एक्सर्पट ग्रुप की सांझी मीटिंग

ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र (टीइसीसी) ने 22 अक्टूबर 2021 को आयोजित सामाजिक विज्ञान पर भारत–ताइवान विशेषज्ञ समूह की संयुक्त बैठक में भा.सा.वि.अ.प. से भारत–ताइवान विशेषज्ञ की संयुक्त बैठक में भाग लेने के लिए सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में कुछ भारतीय प्रोफेसरों या शोधकर्ताओं को नामित करने का अनुरोध किया है। इस बैठक का उद्देश्य ताइवान के साथ सहयोग, अनुभव साझा करने या इसके प्रति किसी भी अपेक्षा पर विचारों का आदान–प्रदान करना था। इस बैठक से प्राप्त सुझाव दोनों पक्षों के लिए भविष्य के सहयोग के लिए रोडमैप तैयार करने और अगले साल द्विपक्षीय कार्यशाला आयोजित करने के लिए रोडमैप तैयार करने में सहायक होंगे। सदस्य सचिव, भा.सा.वि.अ.प. ने सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में ताइवान के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर प्रकाश डालते हुए बैठक में उद्घाटन भाषण दिया और बताया कि भविष्य में सहयोग के लिए आगे क्या किया जा सकता है।

12वां यूनेस्को युवा मंच

शिक्षा मंत्रालय ने भा.सा.वि.अ.प. को सूचित किया कि सामान्य सम्मेलन के 41वें सत्र के दौरान 19 नवंबर 2021 को "यूथ एज रिसर्च ऑन कोविड–19" पर 12वां यूनेस्को यूथ फोरम ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा। इस फोरम का उद्देश्य दुनिया भर के युवाओं को एक साथ लाना था ताकि यह चर्चा की जा सके कि युवाओं पर महामारी के नकारात्मक प्रभावों से लड़ने के लिए यूनेस्को जनादेश को कैसे जुटाया जा सकता है। फोरम कोविड–19 के बाद की अवधि एवं युवाओं के लिए और उनके द्वारा कार्य योजना के मसौदे को जन्म देगा। फोरम ने सदस्य राज्यों को इस फोरम में भाग लेने के लिए 18 से 30 वर्ष की आयु के तीन युवाओं के नाम देने के लिए आमंत्रित किया है, जिनके पास यूनेस्को की क्षमता के क्षेत्रों में मान्यता प्राप्त विशेषज्ञता है, या यूनेस्को के जनादेश के दायरे में पहल करने या पहल करने का अनुभव है। भा.सा.वि.अ.प. ने इस फोरम के लिए एक रिसर्च स्कॉलर को नामित किया है।

अंतर–सरकारी परिषद् (आईजीसी) के सामाजिक परिवर्तन प्रबंधन (एमओएसटी) कार्यक्रम का असाधारण सत्र

यूनेस्को, पेरिस में भारत के स्थायी प्रतिनिधिमंडल (पीडीआई) कार्यालय ने आईजीसी के अध्यक्ष से आईजीसी सदस्यों को संदेश साझा किया है। इंटरगवर्नमेंटल काउंसिल (आईजीसी) मैनेजमेंट ऑफ सोशल ट्रांसफॉर्मेशन (एमओएसटी) प्रोग्राम का सत्र, जिसे वस्तुतः 17–18 फरवरी 2022 को आयोजित किया जाना था। पी.डी.आई. कार्यालय ने भा.सा.वि.अ.प. से सत्र में भाग लेने और मुख्य बिंदु को कैप्चर करने का अनुरोध किया है। रिकॉर्ड के लिए पी.डी.आई. के साथ चर्चा साझा की जा सकती है। भा.सा.वि.अ.प. ने अपने इनपुट यूनेस्को के पी.डी.आई. कार्यालय को भेज दिए हैं।

भा.सा.वि.अ.प.–एशियाई विज्ञान परिषद् सम्मेलन

21वां (एससीए) एशियाई विज्ञान परिषद् सम्मेलन वस्तुतः 15 से 17 मार्च 2022 तक नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। एशियाई विज्ञान परिषद् एक

अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक संगठन है जिसकी स्थापना सन् 2000 में एशियाई विज्ञान अकादमियों और अन्य राष्ट्रीय वैज्ञानिक और सामाजिक विज्ञान संगठनों द्वारा की गई थी। सम्मेलन का आयोजन भा.सा.वि.अ.प. द्वारा किया गया था। सम्मेलन का मुख्य विषय "विज्ञान, प्रौद्योगिकी और सामाजिक विज्ञान अनुसंधानः एक साथ बेहतर दुनिया के लिए" था। सम्मेलन के उप–विषय निम्नलिखित थेः

प्रसंग 1 – बड़े सामाजिक, ऐतिहासिक और नैतिक संदर्भों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और सार्वजनिक नीति

प्रसंग 2 – सतत विकास लक्ष्यों के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं समाज

प्रसंग 3 – सामाजिक–तकनीकी परिवर्तन और भविष्य की दुनियाः सिद्धांत और अनुप्रयोग

प्रसंग 4 – सामाजिक–तकनीकी संक्रमण और प्रमुख आर्थिक क्षेत्र

प्रसंग 5 – वैज्ञानिक एवं तकनीकी विकास का सामाजिक निर्माण

प्रसंग 6 – उभरते अनुसंधान क्षेत्रों जैसे जैव–चिकित्सा विज्ञान, सूचना विज्ञान और प्राकृतिक विज्ञान में विज्ञान और प्रौद्योगिकी और सामाजिक विज्ञान की भूमिका

प्रसंग 7 – फ्रेमवर्क, दृष्टिकोण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और सामाजिक विज्ञान अध्ययन के तरीके

प्रसंग 8 – उभरते बड़े डेटा के साथ सामाजिक विज्ञान प्रतिमान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं ब्लॉक–चेन

सम्मेलन में दस से अधिक देशों/क्षेत्र के लगभग 600 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 21वें एससीए सम्मेलन ने अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी सहित बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित की जिसमें एक उद्घाटन समारोह, 8 समानांतर सत्र और एक पैनल चर्चा शामिल है, प्रत्येक में 3 से 7 मौखिक प्रस्तुतियाँ, लगभग 41 पोस्टरों के साथ 2–5 पोस्टर सत्र, एक समापन समारोह और एससीए प्रबंधन बोर्ड की बैठकें शामिल हैं। सम्मेलन का एक विशेष आकर्षण फ्यूचर अर्थ हब निदेशकों/चीन–जापान–दक्षिण एशिया–ताइपे के उप निदेशकों द्वारा फ्यूचर अर्थ और एशिया में गतिविधियों के बारे में एक प्रस्तुति थी। भारत और अन्य एशियाई देशों की प्रतिष्ठित हस्तियों द्वारा दिए गए चार मुख्य भाषण थे।

यूनेस्को (आईएनसीसीयू) कार्यक्रम के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग

भा.सा.वि.अ.प. को 41वें आम सम्मेलन के एजेंडा नोट्स पर सदस्यों से इनपुट/सुझाव प्राप्त करने हेतु उप–आयोग की बैठक बुलाने के लिए शिक्षा मंत्रालय से एक संचार प्राप्त हुआ (यूनेस्को की जीसी), जो 9 नवंबर से 24 नवंबर, 2021 तक पेरिस में होनी थी। तदनुसार, सामाजिक विज्ञान पर उप–आयोग की बैठक 18 अक्टूबर 2021 को वस्तुतः यूनेस्को आम सम्मेलन के एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी। सदस्यों से सामाजिक और मानव विज्ञान अनुसंधान के दृष्टिकोण से संबंधित मुद्दों पर अपने बहुमूल्य सुझाव देने का अनुरोध किया गया था, जो यूनेस्को के भविष्य के एजेंडे और आईएनसीसीयू के ढांचे के भीतर की जाने वाली गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। सदस्य अपने इनपुट/सुझावों को साझा करने के लिए पर्याप्त थे, जिन्हें मंत्रालय के साथ साझा किया गया है।

भा.सा.वि.अ.प.–राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी श्रीलंका संयुक्त वेबिनार

राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी श्रीलंका ने एसोसिएशन ऑफ अकादमियों और एशियाई विज्ञान सोसायटी के माध्यम से 22–24 फरवरी 2022 तक "कोविड महामारी के 100 दीर्घकालिक सामाजिक प्रभावों" पर एक अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया। इस वेबिनार के अंतर्गत 'सामाजिक सुरक्षा' पर प्रो. वी. के. मल्होत्रा, सदस्य सचिव, भा.सा.वि.अ.प. द्वारा मुख्य भाषण दिया गया।

4

इंपैक्टफुल पोलिसी रिसर्च इन सोशल साइंसेज (इम्प्रेस) योजना

प्रत्येक राष्ट्र, सदैव ही, जीवन के सभी आयामों यथा आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक आदि में सकारात्मक विकास की इच्छा रखता है।

इन आकांक्षाओं ने मानव जाति को समाज की जरूरतों का आकलन करने तथा उसके अनुसार नवाचार करने के लिए प्रेरित किया है।

विकास की प्रक्रिया ही से यह स्पष्ट होता है कि मानव जाति ने विकास के प्रत्येक चरण में समस्याओं एवं चुनौतियों का किस प्रकार सामना किया है तथा रचनात्मकता, नवीनता और नई तकनीकों और उपकरणों की उन्नति के माध्यम से इन कठिनाइयों और प्रतिकूलताओं को दूर करने का प्रयास किया है। इस प्रकार राष्ट्र निर्माण एवं समाज की प्रगति का कार्य निरंतर जारी है।

बहुत से वैज्ञानिक तथा शोधकर्ता मानते हैं कि राष्ट्र निर्माण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी या पूंजी निर्माण में विकास का सकारात्मक परिणाम है। इस दृष्टिकोण को दुनिया के लगभग सभी प्रमुख देशों में प्रमुखता मिली है जिसके कारण उस समाज के बड़े हिस्से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास की गति को समान करने में विफल रहे हैं। इसलिए, विकास अंतराल, असंतुलन, गरीबी, कुपोषण, विभिन्न प्रकार के शोषण, असमानता, तनाव, हिंसा, भेदभाव, सुरक्षा आदि से संबंधित बहुत से मुद्दे सामने आए हैं। इन मुद्दों के द्वारा सकारात्मक कार्य किया है तथा संभावित विकास एवं कल्याण की प्रक्रिया में बाधाओं के रूप में कार्य करना जारी रखा है। अतः प्रत्येक समाज को ऐसी समस्याओं, उनके कारण कारकों, अंतर–संबंधित मुद्दों, स्वीकार्य स्पष्टीकरण एवं मांग वाली स्थितियों में व्यावहारिक तरीके के गहन अध्ययन की आवश्यकता होती है।

सामाजिक विज्ञान अनुसंधान का परिदृश्य

सरकार के बहुत से आयोगों एवं समितियों के साथ–साथ विचारकों ने भी महसूस किया है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा सामाजिक विकास पर जोर देने के बीच एक स्पष्ट असमानता है। बहुत सी समितियों ने सामाजिक विज्ञान अनुसंधान (एसएसआर) को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने और सार्वजनिक नीति में इसकी अधिक भागीदारी की जोरदार सिफारिश की है। भारत का पहला उच्च शिक्षा आयोग, 1950 (राधाकृष्णन आयोग) ने प्राकृतिक एवं सामाजिक विज्ञान के बीच असमानता को उजागर किया तथा सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के लिए अतिमहत्व एवं अधिक आवंटन के पक्ष में तर्क दिया। भारतीय शिक्षा आयोग (1964–66) अर्थात कोठारी आयोग ने सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास की आवश्यकता पर बल दिया और प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से इन क्षेत्रों में ज्ञान निर्माण के लिए भी आग्रह किया। आयोग ने एसएसआर के लिए संसाधनों के अधिक आवंटन की भी सिफारिश की। हालांकि, भारत की पहली शिक्षा नीति यानी, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनपीई), 1968, ने सामाजिक विज्ञान को नीति विज्ञान के रूप में निहित किया, फिर भी इसने राष्ट्रीय विकास के लिए विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान पर जोर दिया। हालांकि नीति ने सिफारिश की कि सामाजिक वैज्ञानिक अनुसंधान के उत्थान के लिए, उन्नत अध्ययन केंद्र, स्थापित या मजबूत किए जाने चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 एवं गतिविधि कार्यक्रम, 1992, ने शोधकर्ताओं और नीति निर्माताओं के बीच अंतर को कम करने और नीति संचालित अनुसंधान, विशेष रूप से एसएसआर पर ध्यान बनाए रखने पर जोर दिया। नीति ने इस विचार का भी समर्थन किया कि अंतर–अनुशासनात्मक एवं परा–अनुशासनात्मक शोध विशुद्ध रूप से एकल–अनुशासनात्मक शोधों की तुलना में अधिक उपयोगी सिद्ध होते हैं। 'नई शिक्षा नीति–2020' में भी विभिन्न अनुसंधान संस्थाओं में बहुविषयक अनुसंधान और नवाचार पर जोर दिया गया है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी अनुसंधान के साथ–साथ सामाजिक विज्ञान अनुसंधान दोनों में अनुसंधान के क्षेत्र

का विस्तार हुआ है। दोनों क्षेत्रों में शोध में पूरकता की बढ़ती डिग्री की सराहना बढ़ रही है क्योंकि इस तरह के अन्वेषणों से लाभ को अधिकतम करने के लिए दोनों को गहराई से परस्पर जुड़ा होना चाहिए।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनुसंधान द्वारा जीवन की गुणवत्ता में सुधार को प्रमाणित प्रदान होती है, अतः उसको समाज के साथ पूरी तरह से जोड़ने की आवश्यकता है क्योंकि समाज के साथ इसके जुड़ाव की अपेक्षित मात्रा में किसी भी कमी के परिणामस्वरूप बहुत कम लोगों के बीच लाभ की एकाग्रता होती है। इसके अलावा,इस बात का काफी हद तक एहसास है कि सामाजिक विज्ञान अनुसंधान और सामाजिक वैज्ञानिकों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित सभी स्तरों पर नीति निर्माण से निकटता से जुड़े रहने की आवश्यकता है क्योंकि इसका विचार शोधों को प्रभावशाली नीति दस्तावेजों में अनुवाद करना और अनुसंधान करना है। निष्कर्ष जीवन की गुणवत्ता में और भी अधिक सुधार लाते हैं। यह तभी हो सकता है जब शोध समस्याएँ समाज और उसकी समस्याओं से उत्पन्न होती हैं और शोधकर्ता उन समस्याओं का कुछ व्यावहारिक समाधान प्रदान करने का प्रयास करते हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनुसंधान के साथ सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को जोड़ने से वैज्ञानिकों को भी एक बहुत गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करने और समाज द्वारा अपने शोध या नवाचारों को अधिक आसानी से स्वीकार्य बनाने में मदद मिलेगी। यह संभावित सामाजिक वैज्ञानिकों को नीति निर्माण में अधिक उत्साह और उत्साह से योगदान करने के लिए भी प्रेरित करेगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि नीति अवधारणा, कार्यान्वयन एवं अंतिम वितरण के लिए सामाजिक विज्ञान अनुसंधान अत्यंत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि प्रत्येक नीति को अंततः बेहतर सेवा देने के प्रयास के लिए समाज द्वारा सराहा एवं स्वीकार किया जाना चाहिए। महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान से नीति निर्माताओं को बेहतर और अधिक स्वीकार्य नीतियां,योजनाएं तथा कार्यक्रम तैयार करने में मदद मिलती है। इस संबंध में सामाजिक विज्ञान पारिस्थितिकी तंत्र की भूमिका भी बहुत महत्वपूर्ण है। इस तथ्य का कोई खंडन नहीं है कि कोई भी सार्वजनिक नीति समाज के साथ बातचीत किए बिना,उसे और उसकी आकांक्षाओं को जाने बिना और उसे महत्वपूर्ण एवं नए विकास से परिचित कराए बिना बहुत सफलतापूर्वक अपनाई नहीं जा सकती है। स्कोपस डेटाबेस में, भारत अपने सामाजिक विज्ञान प्रकाशनों के लिए 11 वें स्थान पर है और वैश्विक प्रकाशनों में इसकी हिस्सेदारी लगभग 2.15 प्रतिशत है जबकि विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रकाशनों में, भारत तीसरे स्थान पर है और इसकी हिस्सेदारी लगभग 8ः है। सामाजिक विज्ञान अनुसंधान पर खर्च का हिस्सा केंद्र सरकार के कुल बजट का 0.025 प्रतिशत है जबकि विज्ञान में अनुसंधान के लिए यह 0.86 प्रतिशत है और एसएसआर पर होने वाला खर्च विज्ञान अनुसंधान पर होने वाले खर्च के 3 प्रतिशत से भी कम है। अपनी क्षमता का बेहतर उपयोग करने के लिए, सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को एक शक्तिशाली समर्थन की अतिआवश्यकता है तथा इसके लिए सामाजिक विज्ञान में प्रभावशाली नीति अनुसंधान सही दिशा में ईमानदारी से सकारात्मक रूप से प्रयासरत है।

इंपैक्टफुल पोलिसी रिसर्च इन सोशल साइंसेज (इम्प्रेस)

इंपैक्टफुल पोलिसी रिसर्च इन सोशल साइंसेज (इम्प्रेस) अपनी तरह का एक विचार है जिसका उद्देश्य समाज से संबंधित नीतिगत चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक शोध–आधारित दिशानिर्देश प्रदान करना है और इसलिए, सामाजिक विज्ञान का विस्तार होता है। नीति निर्माण की प्रक्रिया में अनुसंधान–आधारित इनपुट महत्वपूर्ण आवश्यकताएं हैं क्योंकि नीति समाज और उसकी चिंताओं से विकसित होनी चाहिए और नीति से अंततः सामाजिक आकांक्षाओं का जवाब देने की उम्मीद की जाती है। यह बताया गया है कि नीति निर्माताओं और समाज के बीच की खाई को पाटने की जरूरत है। सामाजिक विज्ञान शोधकर्ता समाज और नीति निर्माताओं के बीच अंतराल की पहचान करने में बहुत मददगार हो सकते हैं और वे लोगों के बीच नीतियों की धारणा, प्रशंसा और पहुंच के बारे में महत्वपूर्ण इनपुट या सबूत प्रदान करने का प्रयास कर सकते हैं इसके अलावा, ऐसे महत्वपूर्ण क्षेत्र हो सकते हैं जहां नीति निर्माता नीति को काफी प्रभावी बनाने के लिए समय पर इनपुट, साक्ष्य, प्रतिक्रिया और भागीदारी की आवश्यकता होती है। इसलिए, इंपैक्टफुल पोलिसी रिसर्च इन सोशल साइंसेज महत्वपूर्ण सामाजिक विज्ञान डोमेन में अनुसंधानों से महत्वपूर्ण इनपुट उत्पन्न या प्रोत्साहित करके नीति निर्माण और कार्यान्वयन और समाज के बीच की खाई को पाटने के मुद्दे को संबोधित करने के लिए समर्पित है ताकि शासन और समाज पर अधिकतम प्रभाव डालने में सहायता मिल सके। डोमेन और उप–डोमेन क्षेत्रों को इस तरह से पहचानने की आवश्यकता है कि नए

विकास, गंभीर चिंताओं, उभरते मुद्दों और महत्वपूर्ण कमियों के कारण सार्वजनिक नीति बहस में शामिल विषयों को शामिल किया गया है। इन पहलुओं के आधार पर, निम्नलिखित ग्यारह (11) महत्वपूर्ण व्यापक डोमेन क्षेत्रों की पहचान काफी हद तक परामर्श के बाद की गई थी:

1) राज्य एवं लोकतंत्र
2) नगरीय परिवर्तन
3) मीडिया संस्कृति एवं समाज
4) रोजगार कौशल एवं ग्रामीण परिवर्तन
5) शासन, नवाचार तथा सार्वजनिक नीति
6) विकास, मैक्रो–व्यापार एवं आर्थिक नीति
7) कृषि तथा ग्रामीण विकास
8) स्वास्थ्य एवं पर्यावरण
9) विज्ञान तथा शिक्षा
10) सोशल मीडिया एवं प्रौद्योगिकी
11) राजनीति, कानून तथा अर्थशास्त्र

चूंकि इम्प्रेस सामाजिक विज्ञान में प्रभावशाली नीति अनुसंधान का उद्देश्य अनुसंधान तथा नीति के अधिक प्रभाव के लिए सामाजिक विज्ञान के विद्वानों, शिक्षाविदों एवं नीति निर्माताओं का समर्थन करना है, तथा इस हेतु इसका उद्देश्य सामाजिक विज्ञान अनुसंधानों, चल रही नीतियों तथा सुझावों को उनके मूल्यांकन को नीति निर्माताओं के साथ जोड़ना है। इस योजना में उपर्युक्त के भीतर 100 से अधिक उप–डोमेन क्षेत्र हैं। विस्तृत 11 डोमेन इनमें से कुछ उप–डोमेन में कल्याणकारी राज्य के रूप में भारत, भारत में संघवाद की प्रकृति, सुरक्षा और रक्षा नीति, भारत की सॉफ्ट पावर नीति, प्रवासी, भारतीय चित्रण, क्षेत्रीय सहयोग, शहरीकरण, शहर और स्थिरता, नगरीय/शहर शासन, शहरी परिवहन, महिला अधिकारिता तथा इसकी स्थिति अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों का समावेश तथा विकास, कौशल और रोजगार, ग्रामीण परिवर्तन, बुनियादी ढांचा व परिवहन, ग्रामीण परिवर्तन के लिए प्रौद्योगिकी, ई–गवर्नेंस एवं स्मार्ट गवर्नेंस, नवाचार, ज्ञान तथा शासन, प्रौद्योगिकी एवं शासन, विकास, समावेशिता, गरीबी तथा असमानता, व्यापार करने में आसानी, मेक इन इंडिया पहल, वित्तीय समावेशन, विनिर्माण का पुनरोद्धार, अनौपचारिक क्षेत्र के मुद्दे, कृषि संकट तथा संबंधित मुद्दे, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा, राज्य स्तर के विकास, पर्यावरणीय समस्याएं तथा जलवायु परिवर्तन, जल समस्या, स्वच्छ भारत पहल, सार्वभौमिक स्वास्थ्य, आपदा तथा उसका प्रबंधन ईएनटी, विज्ञान और समाज, उच्च शिक्षा में पहुंच, समानता और गुणवत्ता, डिजिटल लर्निंग, प्रौद्योगिकी और सोशल मीडिया, सोशल मीडिया–नेटवर्क, नैतिकता, जवाबदेही तथा बड़े डेटा के मुद्दे, नौकरशाही और प्रशासनिक सुधार, न्यायिक सक्रियता, बलात्कार पीड़ित एवं न्याय प्रणाली आदि शामिल हैं।

